दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली सोमवार 25 मई -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 152 पेज -08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## पश्चिम बंगाल के फलता में बीजेपी की प्रचंड जीत

### देबांग्शु पांडा ने जहांगीर खान को हराया, चौथे नंबर पर खिसकी टीएमसी

**चुनाव**

**फलता सीट पर दोबारा हुई वोटिंग में बीजेपी ने करीब 1 लाख वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की**




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फलता विधानसभा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु पांडा ने जीत हासिल कर ली है। यह वो सीट है जहां पहले टीएमसी का कब्जा था। लेकिन इस बार चुनाव में इतनी गड़बड़ी हुई कि पूरा मतदान रद्द करना पड़ा और दोबारा वोटिंग करानी पड़ी। दोबारा हुई वोटिंग की मतगणना में बीजेपी ने करीब 1 लाख वोटों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की है। यह नतीजा पश्चिम बंगाल की राजनीति में टीएमसी के लिए एक और बड़ा झटका माना जा रहा है। नतीजों को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि फिर से वोटों की चोरी की गई। साथ ही आरोप लगाया कि केंद्रीय बलों के लोग मतगणना केंद्र के अंदर गए। वहीं, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने बीजेपी की जीत के बाद तृणमूल कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है।

फलता एक विधानसभा सीट है जो पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में आती है। यह इलाका टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के डायमंड हार्बर लोकसभा क्षेत्र के अंदर पड़ता है। यानी यह टीएमसी का गढ़ माना जाता था। 29 अप्रैल को इस सीट पर पहली बार वोटिंग हुई थी। लेकिन वोटिंग के दौरान बहुत बड़े आरोप लगे। कहा गया कि ईवीएम मशीनों से छेड़छाड़ हुई, बूथों पर कब्जा किया गया और वोटरों को डराया-धमकाया गया। मामला इतना बड़ा हो गया कि चुनाव आयोग को पूरे इलाके की वोटिंग रद्द करनी पड़ी।

**फिर क्या हुआ, 21 मई को :** चुनाव आयोग ने 21 मई को सभी 285 बूथों पर दोबारा वोटिंग कराई। इस बार भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। नतीजा यह रहा कि वोटिंग शांतिपूर्वक हुई और 88 प्रतिशत से ज्यादा लोगों ने वोट डाला, जो काफी अच्छी संख्या है।

**रविवार को को मतगणना हुई :** आज 24 मई को इस दोबारा हुई वोटिंग की गिनती हुई। शुरू से ही बीजेपी उम्मीदवार देबांग्शु पांडा आगे चल रहे थे। जैसे-जैसे राउंड बढ़ते गए, उनकी बढ़त बढ़ती गई।

**किसे कितने वोट मिले ? :** पहले नंबर पर बीजेपी के देबांग्शु पांडा रहे और उन्होंने जीत हासिल की। उन्हें कुल 1,49,666 वोट मिले। दूसरे नंबर पर सीपीएम के संभू नाथ कुर्मी रहे और उन्हें 40,645 वोट मिले।

तीसरे नंबर पर कांग्रेस के अब्दुर रज्जाक मोल्ला रहे और उन्हें 10,084 वोट मिले। और चौथे नंबर पर टीएमसी के जहांगीर खान रहे, जिन्हें बेहद कम वोट मिले।

## प्रतिबंधित मांस हिंडन में फेंकता देख भड़कीं मेयर सुनीता दयाल, मौके पर पुलिस बुलाकर दी खुली चेतावनी

# कहा, आरोपियों को छोड़ा तो थाना सस्पेंड करवा दूंगी

**नाराजगी**

**छुट्टी के दिन सड़क पर उतरीं महापौर, ऑन द स्पॉट एक्शन से मचा हड़कंप**



### मदरसे का नाम आने पर गरमाया मामला, इंदिरापुरम पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को हिंडन बैराज पर उस वक्त बड़ा बवाल खड़ा हो गया जब मेयर सुनीता दयाल ने कुछ किशोरों को कथित तौर पर प्रतिबंधित पशु मांस नदी में फेंकते हुए देख लिया। छुट्टी के दिन सड़क पर निकली महापौर ने जैसे ही यह संदिग्ध गतिविधि देखी, उन्होंने तुरंत गाड़ी रुकवाई और मौके पर पहुंचकर किशोरों से पूछताछ शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शुरूआत में बच्चे कुछ बोलने को तैयार नहीं थे, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने कथित तौर पर बताया कि उन्हें मांस नदी में फेंकने के लिए भेजा गया था। पूछताछ में कथित रूप से कनावनी स्थित मदरसे और मौलाना का नाम सामने आने के बाद मामला और गर्मा गया। इसके बाद महापौर ने तुरंत पुलिस अधिकारियों और ट्रांस हिंडन जोन के अफसरों को फोन कर मौके पर बुलाया। मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों के सामने ही महापौर का आक्रामक तेवर देखने को मिला। सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो गया है जिसके अनुसार महापौर ने साफ चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले में लापरवाही हुई या आरोपियों को छोड़ा गया तो संबंधित थाने के खिलाफ भी कार्रवाई कराई जाएगी। मेयर से पुलिस बुलाकर खुली चेतावनी दी कि आरोपियों को छोड़ा तो थाना सस्पेंड करवा दूंगी।



### लगातार एक्शन मोड में हैं महापौर

करंट क्राइम : बीते कुछ दिनों से महापौर सुनीता दयाल लगातार सड़क पर उतरकर कार्रवाई करती नजर आ रही हैं। शहर में सफाई, अवैध गतिविधियों और धार्मिक संवेदनशील मामलों को लेकर उनका आक्रामक रुख चर्चा का विषय बना हुआ है। रविवार की घटना ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि महापौर अब केवल बैठकों तक सीमित नहीं हैं बल्कि मौके पर पहुंचकर सीधे एक्शन ले रही हैं।

### नदी को गंदा करने और माहौल बिगाड़ने वालों को नहीं छोड़ेंगे

करंट क्राइम : महापौर सुनीता दयाल ने पूरे घटनाक्रम पर नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार एक ओर करोड़ों रुपये खर्च कर नदियों को साफ करने का अभियान चला रही है, जबकि दूसरी ओर कुछ लोग धार्मिक भावनाओं को भड़काने और नदियों को प्रदूषित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने मदरसों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों का काम बच्चों को संस्कार और शिक्षा देना है, न कि उन्हें इस तरह के विवादित कार्यों में शामिल करना। महापौर ने कहा कि बच्चों का इस्तेमाल कर अवशेष नदी में फिंकवाना बेहद गंभीर विषय है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

### वायरल वीडियो के बाद हरकत में आई पुलिस, मुकदमा दर्ज

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में बोरी में पशु मांस होने की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने संदिग्ध मांस को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है। पूरे मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है तथा साक्ष्यों और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने मामले में मुकदमा भी दर्ज कर लिया है और अब फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### सीपी के आदेशों के बाद भी सोती रही पुलिस

करंट क्राइम : बकरीद से पहले पुलिस कमिश्नर ने सख्त अलर्ट जारी किया था। दो दिन रात के समय जूम मीटिंग भी हुई, पर पुलिस सूत्रों के मुताबिक जे रविंदर गौड ने हाल ही में दो बार जूम मीटिंग कर सभी डीसीपी, एसीपी और थाना प्रभारियों को बकरीद को लेकर हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए थे। संवेदनशील इलाकों, नदी किनारों और धार्मिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखने, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग तेज करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल एक्शन लेने के आदेश जारी किए गए थे। पुलिस अधिकारियों को साफ निर्देश था कि माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को शुरूआत में ही कुचल दिया जाए।

## राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं का चुनावी भविष्य !

### कभी चुनाव लड़ पायेंगे या फिलहाल चुनाव लड़ाने ही जायेंगे

**राजनीति**

**बड़ा पेंच यही है कि रालोद गठबंधन में है और भाजपा अपने गढ़ में उसके लिए कोई सीट छोड़ेगी नहीं**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में दो दलों के बीच जब हाथ मिलते हैं तो इसके साईड इफैक्ट भी सामने आते हैं। कभी बसपा और सपा ने हाथ मिलाये थे तो दोनों के नेता एक साथ नजर आये थे। आज साईकिल और हाथी अलग अलग हैं। गठबंधन का असर नेताओं की सियासत पर पड़ता है। कई बार सीट समझौते में जाती है और दावेदार की पूरी चुनावी मेहनत धरी रह जाती है। बड़े नेता समीकरण बिठाते हैं और उसी के अनुरूप वो सीटें तय करते हैं। चुनाव नजदीक है और यहां सभी दल प्लान बना रहे हैं। ऐसे में एक बड़ा सवाल राष्ट्रीय लोकदल को लेकर भी है। राष्ट्रीय लोकदल अब भाजपा का सहयोगी दल है। सहयोगी दल में उसे सरकार की आलोचनानहीं करनी है। उसे सरकारी नीतियों का समर्थन करना है। यहां तक तो बात ठीक है लेकिन बड़ा सवाल रालोद के नेताओं के पॉलिटिकल फ्यूचर को लेकर है। क्या वो चुनाव लड़ पायेंगे या फिर केवल चुनाव लड़वाने वाले रोल में रहेंगे। रालोद की राजनीतिक तस्वीर वैसे भी केसी त्यागी के आने के बाद बदली है। केसी त्यागी बड़े प्रोफाईल के नेता हैं लिहाजा एक बड़े राष्ट्रीय पद और एक बड़े सदन की सीट पर वो कंसीडर होंगे ही होंगे। सवाल ये है कि ऐसे में गाजियाबाद, मुरादनगर, मोदीनगर के रालोद नेताओं का पॉलिटिकल फ्यूचर क्या होगा। क्या भाजपा यहां कोई सीट रोलोद के लिए छोड़ेगी। इसकी संभावना बहुत कम है क्योंकि यहां भाजपा हर सीट पर एक अच्छे मारजन के साथ जीतकर आयी है। उसके पास अपने कार्यकर्ता हैं। रालोद जिस जातीय समीकरण की बात भी रखेगा तो भाजपा के पास उसी जाती के नेता हैं। क्या पंजाबी समाज की चुनाव मांग करने वाले इंद्रजीत सिंह टीटू को चुनाव लड़ने का मौका मिलेगा। क्या लोकसभा का चुनाव लड़ चुके त्रिलोक त्यागी का नाम कहीं कंसीडर होगा। क्या अमरजीत सिंह बिडडी को चुनावी सीन में कहीं फिट किया जायेगा। बड़ा पेंच यही है कि रालोद गठबंधन में है और भाजपा अपने गढ़ में उसके लिए कोई सीट छोड़ेगी नहीं। ऐसेमें रालोद के नेताओं को संगठन वाले पद से ही काम चलाना होगा।

## विधानसभा चुनाव की तैयारी में ही छिपी है निगम चुनाव की दावेदारी

# बड़े चेहरों से चल रही है मुलाकात, प्रणाम और वार्ड की दावेदारी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुट गयी है। उसने मंडल अध्यक्ष , बूथ अध्यक्ष तक पूरी फौज तैयार कर दी है। वर्ग प्रशिक्षण शिविर में जनप्रतिनिधियों से लेकर बड़े नेताओं के लिए रूल लागू कर दिया है कि अनिवार्य रूप से प्रवास करना होगा। भाजपा लगातार कई बिंदुओं पर काम कर रही है। भाजपा की विधानसभा की तैयारी को गौर से देखा जाये तो यहां विधानसभा के भीतर निगम की दावेदारी काम कर रही है। दावेदारों की भी तैयारी चल रही है। दावेदारों में कई मंडल अध्यक्ष हैं, कई वरिष्ठ भाजपाई हैं। सिटिंग पार्षद अपना टिकट कन्फर्म मानकर चल रहे हैं और नामित पार्षद भी ये उम्मीद पाले हुए हैं कि पार्टी उन्हें नोमिनेट के बाद इलैक्टिड वाला चांस भी देगी। वहीं संगठन इन सबके बीच समन्वय बना रहा है। प्रदेश और क्षेत्रीय नेतृत्व विधानसभा के लिए कोई कोर कसर बाकी नहीं रहने देना चाहता। यहां पर विधानसभा के रण में निगम वाले दावेदारों ने पूरे प्लान के साथ काम करना शुरू कर दिया है। वो बड़े नेताओं से मिल रहे हैं। कोई अपने पैरोकार के साथ मिल रहा है तो कोई जय जय कार के साथ मिल रहा है। वो मुलाकात में ये बताना नहीं भूलते हैं कि वार्ड की तैयारी कर रहा हूं। पार्टी के आयामों में समय देता हूं और मुझे एक बार वार्ड में मौका दिया जाये।

### अगर वो नहीं हुए राजी तो फिर सामने आयेंगे बागी

करंट क्राइम। भाजपा चुनावी प्लान पर काम कर रही है। इस बात की पूरी उम्मीद है कि पहले विधानसभा चुनाव होंगे और उसके बाद निगम चुनाव होंगे। रविवार को ग्रामप्रधान वाले सीन में ब्रेक लग गया और प्रशासन आ गये। यहीं से ये माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव पहले होंगे। ऐसे में एक बार फिर से बगावत वाला सीन इंटरनली आ गया है। जो चेहरे लगातार वार्ड में काम कर रहे हैं वो अब चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उनका कहना है कि पार्टी टिकट देने पर राजी हुई तो ठीक वरना चुनाव तो हमें लड़ना है और फिर हम बागी होकर चुनाव लड़ेगे। ये स्थिति कई वार्डों में हैं और बगावत वाली आंधी आयेगी। वैसे भी अब पुराने बागियों के स्वागत को देखकर संभावित बागियों को पक्का पता है कि हम चुनाव में भाजपा के कैन्डिडेट को हरायें या खुद हार जायें पार्टी हमें फिर से वापस ले लेगी। लिहाजा चुनावी रण में उतरा ही जायेगा।

### 40 वार्ड ऐसे जहां सिटिंग के लिए सीन बन जायेगा हार्ड

करंट क्राइम। नगर निगम चुनाव अभी दूर हैं लेकिन इसकी चक्रव्यूह रचना शुरू हो गयी है। सूत्र बताते हैं कि 40 वार्ड ऐसे हैं जहां सिटिंग पार्षदों को पसीना बहाने की नौबत आ जायेगी। कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां सिटिंग के टिकट पर कैंची चलने की पूरी उम्मीद है। वहीं कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां पार्षद की राहों में कांटे बोने के लिए फूल वाले ही तैयार हैं। कुछ वार्ड ऐसे हैं जहां पार्टी विरोधी गतिविधियों का शिजरा तैयार होकर बाहर आयेगा। माना जा रहा है कि 40 वार्ड ऐसे हैं जहां सिटिंग पार्षदों के लिए सीन हार्ड हो जायेगा।

## राजनीति में या तो मोदी समर्थक बनो या राहुल गांधी जैसा विरोधी, मध्यम मार्ग क्यों गायब हो रहा है ?: बालेश्वर त्यागी





**या तो आप मोदी जी के प्रशंसक रहो या फिर मोदी जी के विरोध में रहो और विरोध भी राहुल गांधी जी जैसा हो, जिसमें ईर्ष्या, नफरत, तिरस्कार कूट-कूट कर भरा हो। बीच की बात कोई सुनने को तैयार नहीं दिखता है।**

### प्रमुख बातें

**1 राजनीति में 'बीच का रास्ता' खत्म होता दिख रहा है**
आज का माहौल ऐसा बन गया है जहां व्यक्ति या तो पूरी तरह मोदी समर्थक माना जाता है या फिर कट्टर विरोधी। संतुलित सोच को जगह कम मिल रही है।

**2 रहीम और बुद्ध का मध्यम मार्ग आज सबसे ज्यादा जरूरी**
अब्दुर्रहीम खान-ए-खाना और गौतम बुद्ध दोनों ने अतिवाद से बचने और संतुलन अपनाने की सीख दी, लेकिन वर्तमान समाज उल्टी दिशा में जाता दिख रहा है।

**3 भारतीय संस्कृति की पहचान हमेशा सहिष्णुता रही**
'एकम् सत्य विप्रा बहुधा वदन्ति' कहने वाला समाज अलग-अलग विचारों और मान्यताओं को स्वीकार करता था, मगर अब असहमति को दुश्मनी माना जाने लगा है।

**4 चार्वाक से लेकर शंकर तक सबको स्थान देने वाली परंपरा पर सवाल**
चार्वाक जैसे भौतिकवादी विचारक को भी भारतीय समाज ने स्थान दिया, फिर आज वैचारिक असहमति को लेकर इतनी कटुता क्यों बढ़ रही है — लेख यही प्रश्न उठाता है।

**5 हिंदुत्व की ताकत उसकी उदारता और आत्मसात करने की क्षमता**
लेख का निष्कर्ष है कि हिंदुत्व की शक्ति उसकी सहनशीलता और विविधता को स्वीकार करने में है। इसे कमजोरी समझना भारतीय मूल चिंतन को कमजोर करने जैसा होगा।

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** *अति का भला न बोलना अति की भली न चुप, अति का भला न बरसना अति की भली न धूप।* -रहीमदास ने अपने इस दोहे में अतिवाद का वर्जन किया है। उन्होंने इस दोहे के द्वारा अपने दैनिक जीवन में अतिवाद से बचने की सलाह दी है। गौतम बुद्ध ने अध्यात्म में भी मध्यम मार्ग का अनुसरण करने की देसना की है।

अतिवाद से बचने के लिए कहा है। वर्तमान समय में राजनीति में अतिवाद प्रबल हो गया है।अगर उदाहरण से स्पष्ट करना चाहूं तो कहना पड़ेगा कि या तो आप मोदी जी के प्रशंसक रहो या फिर मोदी जी के विरोध में रहो और विरोध भी राहुल गांधी जी जैसा हो, जिसमें ईर्ष्या, नफरत, तिरस्कार कूट-कूट कर भरा हो। बीच की बात कोई सुनने को तैयार नहीं दिखता है। बंगाल के चुनावों में भाजपा की जीत या तो वोट चोरी से हुई है या भाजपा के मैनेजरों के करिश्में की जीत है। ममता जी के कुशासन का रोल कोई पक्ष स्वीकार करने को तैयार नहीं है। भारत या तो ऐसा हिंदू राष्ट्र बनेगा जिसमें दूसरे धर्म के लिए कोई जगह नहीं होगी। या फिर गजवा ए हिन्द होगा, बीच का भी कोई रास्ता हो सकता है, इसकी स्वीकार्यता प्राय समाप्त होती जा रही है। राजनीति तो राजनीति है, इसमें तो साम दाम दंड भेद की बात बहुत पहले से कही जाती रही है। लेकिन अब तो अध्यात्म में भी इसका प्रभाव दिखता है।

भारतीय जीवन दर्शन में अध्यात्म के क्षेत्र में अनुदारता कभी स्वीकार नहीं की गई। कण-कण में शंकर के दर्शन करने वाला समाज, मानव तो छोड़ो पशु-पक्षी-जीव-जंतु, यहां तक कि पेड़-पौधों वनस्पति में भी जीवन देखने वाला समाज अपने से भिन्न विचार को स्वीकार करने में इतना असहिष्णु क्यों हो गया? कैसे हो गया?

*एकम सत्य विप्रा बहुधा वदन्ति( ऋग्वेद: 1.164.46 )* सत्य एक ही है, विद्वान लोग उसे अलग अलग तरह से कहते हैं। कैसे वर्तमान समय में अप्रासंगिक हो गई?

*यावज्जीवेत सुखं जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत ।भस्मीभूतस्य देहस्य, पुनरागमनं कुतः* जब तक जियो सुख के साथ जियो, कर्ज लेकर घी पी लो, जब ये शरीर भस्मीभूत होकर राख हो जाएगा, फिर कभी दोबारा आना नहीं है। ऐसा कहने वाले चार्वाक को भी ऋषि रूप में स्वीकार करने वाले भारतीय समाज में जो अनुदारता है अगर वह प्रतिक्रिया भी है तो भी हिंदुत्व के उन गुणों में से एक है जो उसे अमरता प्रदान करते हैं।

हिंदुत्व की ताकत को उसकी कमजोरी समझना केवल मानवीय भूल नहीं है बल्कि हिंदुत्व को उसके आधार स्तंभों को कमजोर करने का प्रयास होगा।

## बॉर्डर से ले जा रहे थे हवाला का पैसा, पुलिस ने चेकिंग में रोका तो हुआ चौंकाने वाला खुलासा

# 24 लाख कैश के साथ दो युवक गिरफ्तार

**खुलासा**

**मोबाइल जांच में सामने आया फर्जी फर्मों का नेटवर्क**







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट के थाना लिंक रोड पुलिस ने देर रात चेकिंग अभियान के दौरान हवाला कारोबार से जुड़े बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए 24 लाख रुपये की नकदी के साथ दो युवकों को पकड़ लिया। पुलिस जांच में फर्जी जीएसटी फर्मों और टैक्स चोरी के बड़े खेल की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात सनसाइन बॉर्डर पर थाना लिंक रोड पुलिस टीम सघन वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक पल्सर बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उनके पास से 24 लाख रुपये नकद बरामद हुए। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राशिद और सुहेल वर्तमान निवासी मुस्तफाबाद भागीरथी विहार के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों कैश के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके कि पैसा किसका है, कहां ले जाया जा रहा था और इतनी रात में नकदी लेकर क्यों घूम रहे थे।

पुलिस दोनों को थाने लेकर आई और उनके मोबाइल फोन व कॉल रिकॉर्ड की जांच की गई। जांच के दौरान सामने आया कि दोनों पहले भी इसी तरह के कई संदिग्ध ट्रांजेक्शन कर चुके हैं। मोबाइल से 10 जीएसटी फर्मों की जानकारी मिली, जिनमें 9 फर्म दिल्ली और 1 हरियाणा में रजिस्टर्ड बताई गई हैं। पुलिस को आशंका है कि इन फर्मों के जरिए हवाला और जीएसटी चोरी का बड़ा नेटवर्क संचालित किया जा रहा था। मामले की सूचना पर कई विभाग और आयकर विभाग को भी भेज दी गई है।

पुलिस अब आर्थिक लेनदेन और फर्मों के रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है। एसीपी साहिबाबाद अमित सक्सेना ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।



# बद्रीनाथ धाम में एक महीने में 5.56 लाख श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**रुद्रप्रयाग।** विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम में इस वर्ष आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। यात्रा शुरू होने के साथ ही बाबा केदार के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ धाम पहुंच रही है। प्रतिदिन 28 से 30 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर रहे हैं। यात्रा के पहले 30 दिनों में ही साढ़े सात लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच चुके हैं, जो गत वर्ष की तुलना में लगभग 30 हजार अधिक हैं। इस वर्ष 22 अप्रैल को केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए थे। तभी से मंदिर परिसर में सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार देखने को मिल रही हैं।



यात्रा के दौरान अब तक 28375 श्रद्धालु हेलीकाप्टर सेवा के माध्यम से धाम पहुंचे हैं। घोड़ा-खच्चर सेवाओं के जरिए भी डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंचे हैं।

हेली सेवा से ही अब तक करीब 28 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे भी खिले हुए हैं। अनुमान है कि यात्रा के एक महीने के भीतर ही 200 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार हो चुका है। यात्रा शुरू होने के बाद से ही डीएम विशाल मिश्रा व्यवस्थाओं की लगातार मानिटरिंग कर रहे हैं। चारधाम यात्रा अपने उत्कर्ष की की ओर है। अब तक चारों धाम में लगभग 19 लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। गुरुवार को बदरीनाथ धाम 26 हजार 711 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, जो कि इस यात्राकाल के दौरान एक दिन में दर्शन करने वालों की सबसे बड़ी संख्या है।

इसी तरह यमुनोत्री धाम में भी गुरुवार को पहली बार सर्वाधिक 16 हजार 694 श्रद्धालु पहुंचे। इससे पहले 18 मई को 16 हजार 136 श्रद्धालुओं ने यमुनोत्री धाम में दर्शन किए थे।

इस बार चारधाम यात्रा में नित नए रिकार्ड बन रहे हैं। केदारनाथ धाम में कपाट खुलने के मौके पर ही 38 हजार श्रद्धालु पहुंचे थे, जो कि केदारनाथ यात्रा के इतिहास में एक दिन का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

## नाबालिग मुक्केबाज का यौन शोषण, कोच को किया गिरफ्तार

**बंगलुरु।** बंगलूरू में एक महिला बॉक्सर के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक निजी क्लब के कोच ने वहां प्रशिक्षण ले रही 17 साल की मुक्केबाज का यौन उत्पीड़न किया और उसके परिवार को धमकी दी। पीड़िता की मां की शिकायत पर संपंगी रामनगर पुलिस ने पॉक्सो अधिनियम समेत अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान लायन बॉक्सिंग क्लब (कांतिरवा स्टेडियम) के कोच रामचंद्र (50) के रूप में हुई है।

दावा है कि वह पिछले चार साल से नाबालिग मुक्केबाज के साथ दुर्व्यवहार कर रहा था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, 17 मई को जब उनकी बेटी मुक्केबाजी प्रतियोगिता के लिए चेन्नई गई थी, तब कोच ने उसे अपने कमरे में बुलाया और उसके साथ दुर्व्यवहार किया। इतना ही नहीं, आरोपी ने घटना के बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी भी दी थी।

# तप रही धरती, झुलस रहे लोग
## तेलंगाना में हीटवेव से 16 लोगों की मौत

**तेलंगाना।** तेलंगाना में लू के कारण 16 लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी तेलंगाना के राजस्व मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी ने शनिवार को दी। रेड्डी ने लू के कारण उत्पन्न स्थिति पर अधिकारियों के साथ बैठक की और बताया कि राज्य के सात जिलों में 16 मौतें हुई हैं।




उन्होंने जिला कलेक्टरों की ओर से मिले रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि जयशंकर भूपालपल्ली जिले में चार लोगों की मौत हुई। इसके बाद वारंगल अर्बन, करीमनगर और निजामाबाद में तीन-तीन और जोगुलम्बा गडवाल, रंगा रेड्डी और सूर्यापेट में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, सरकार मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देगी। राजस्व मंत्री ने अधिकारियों को उन गांवों की पहचान करने का निर्देश दिया जहां अधिक तापमान दर्ज किया जा रहा है। उन गांवों को मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से गर्मी के बारे में चेतावनी भेजने को कहा। उन्होंने कहा कि पीने का पानी, छाछ, ओआरएस के पैकेट बस स्टेशनों, बाजारों, प्रमुख सड़कों और उन स्थानों पर उपलब्ध कराए जाने चाहिए जहां बड़ी संख्या में मजदूर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण होने वाली जानमाल की हानि को रोकने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। मंत्री ने आग्रह किया कि वरिष्ठ नागरिक, गर्भवती महिलाएं, बच्चे और अस्वस्थ लोग सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच अपने घरों से बाहर न निकलें। उन्होंने जिला कलेक्टरों को लू की स्थिति पर विशेष रूप से नजर रखने का निर्देश दिया और मंडल से लेकर गांव स्तर तक के सरकारी कर्मचारियों को गर्मी से राहत के उपायों के तहत जमीनी स्तर पर मौजूद रहने को कहा।

# फर्नीचर मार्केट में धू-धूकर जलीं 700 दुकानें
## गुस्साए लोगों ने दमकल की गाड़ी पर किया पथराव




**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शास्त्री पार्क स्थित फर्नीचर मार्केट में शुक्रवार देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने लगभग पूरी मार्केट को अपनी चपेट में ले लिया और करीब 800 में से 700 दुकानें जल गईं। आग की लपटें देख हाहाकार मच गया। कारोबारी भागे-भागे मार्केट पहुंचे। आरोप है कि बार-बार कॉल करने के बाद भी दमकल की गाड़ियां नहीं पहुंची। करीब एक घंटे बाद जब दमकल की गाड़ियां आनी शुरू हुईं तो लोगों को गुस्सा फूट पड़ा।

गुस्साई भीड़ ने दमकल की गाड़ी पर पथराव कर दिया, जिससे उसके शीशे टूट गए। हालात बेकाबू होते देखकर मौके पर पुलिस बुलानी पड़ी। दमकल की 40 गाड़ियां लगभग पूरी रात आग पर काबू पाने में जुटी रहीं। तड़के किसी तरह आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि हादसे में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ अलबत्ता करोड़ों रुपये का फर्नीचर जलकर खाक हो गया। स्थानीय कारोबारियों ने आरोप लगाया कि परेशान करने के लिए उनकी मार्केट में जानबूझकर किसी ने आग लगाई। ईद से पहले हुए हादसे ने हजारों परिवारों का रोजगार छीन लिया। शनिवार को क्राइम टीम के अलावा एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने आग लगने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की है। आग की वजहों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से मामले की छानबीन की जा रही है। कारोबारियों के बयान दर्ज हो रहे हैं।

डिप्टी फायर चीफ एके मलिक ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11.57 बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि शास्त्री पार्क के फर्नीचर मार्केट में आग लग गई है। सूचना मिलते ही तुरंत आसपास के दमकल केंद्रों से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। मार्केट में चूंकि लगभग पूरा ही ज्वलनशील सामान था, इसकी वजह से आग तेजी से फैली। कुछ लोगों ने पथराव कर दमकल की एक गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने लोगों को वहां से हटाया। सुबह तक आग बुझाने का काम जारी रहा।

एक घंटे बाद आई महज दो गाड़ियां, उनका भी पानी खत्म हो गया

शास्त्री पार्क फर्नीचर मार्केट में आग लगते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। मार्केट में मौजूद लोगों ने अपना-अपना सामान निकालने की खूब कोशिश की। आरोप है कि करीब एक घंटे बाद दमकल की दो गाड़ियां वहां पहुंची। उनका भी चंद ही मिनटों में पानी खत्म हो गया। देखते ही देखते आग ने पूरी मार्केट को अपनी चपेट में ले लिया।

**लोगों ने जानबूझकर आग लगाने के लगाए आरोप :** शास्त्री पार्क के कारोबारियों का आरोप है कि किसी शरारती तत्व ने जानबूझकर आग लगाई है। इसके अलावा दमकल की गाड़ियां भी जानबूझकर देर पहुंची हैं। जब बचाव का काम शुरू हुआ, पूरा मार्केट जल गया।

# डब्ल्यूएचओ ने किया इबोला को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित

**नई दिल्ली।** दुनिया पर एक बार फिर एक खतरनाक महामारी का साया मंडराता नजर आ रहा है। अफ्रीका के कुछ देशों में इबोला वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया है। विश्व स्तर पर बढ़ते इस खतरे को देखते हुए भारत सरकार भी पूरी तरह अलर्ट हो गई है।




डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो और युगांडा में इबोला के मामले बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। हालात की गंभीरता को देखते हुए डब्ल्यूएचओ ने अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों (आईएचआर 2005) के तहत 17 मई 2026 को इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है।

वहीं, केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों के लिए एक जरूरी ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। इसके साथ ही, अफ्रीका सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने भी इबोला वायरल को कड़ी चेतावनी जारी की है।

अफ्रीका में इबोला के कहर को देखते हुए भारत के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने देश के नागरिकों को सतर्क रहने को कहा है। सरकार ने एडवाइजरी जारी कर सभी नागरिकों को सलाह दी है कि वो डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान की यात्रा करने से पूरी तरह बचें। सरकार ने कहा है कि जब तक हालात सामान्य नहीं हो जाते, तब तक इन देशों की गैर-जरूरी यात्राओं को टाल देना ही समझदारी है।

## 10 साल की बच्ची की यौन शोषण के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के कोयंबटूर में 10 वर्षीय बच्ची के अपहरण और यौन शोषण के बाद हत्या ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया है। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी कार्तिक और उसके साथी मोहन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पश्चिमी क्षेत्र की आईजीपी आरवी राम्या भारती ने बताया कि बच्ची बृहस्पतिवार शाम घर के बाहर खेलते समय लापता हुई थी। शुक्रवार को उसका शव कन्नमपलयम टैंक के पास मिला। मुख्यमंत्री विजय ने पुलिस को मामले की त्वरित जांच कर तत्काल चार्जशीट दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। जांच में सामने आया कि पीड़ित परिवार का परिचित और पड़ोसी 33 वर्षीय कार्तिक बच्ची को बहला-फुसलाकर साथ ले गया था। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने उसे मारिया रोज गार्डन अपार्टमेंट में घेरा।

## नीट मामले पर राहुल गांधी ने सरकार को घेरा
# '22 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर' प्रधान के इस्तीफे तक नहीं रुकेंगे

**नई दिल्ली।** नीट-यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को लेकर सियासत तेज हो गई है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को केंद्र सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस तब तक शांत नहीं बैठेगी, जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह सुरक्षित नहीं बनाया जाता।



राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हैदराबाद में छात्रों के प्रदर्शन का एक वीडियो साझा किया। प्रदर्शनकारी छात्र नीट पेपर लीक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए गए। राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा कि जब लाखों युवा सड़कों पर हों, 22 लाख छात्रों का भविष्य दांव पर लगा हो और प्रधानमंत्री चुप रहें, तो यह साफ दिखाता है कि सरकार जवाब देने के बजाय बचने में लगी है।

उन्होंने कहा जब तक धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते और नीट जैसे पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और फुलप्रूफ व्यवस्था लागू नहीं होती, तब तक कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

# केरल में बकरीद पर दो दिन की छुट्टी का ऐलान

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने बकरीद के मौके पर दो दिन छुट्टी का एलान किया है। यूडीएफ सरकार ने 28 मई को भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इसके साथ ही राज्य के सरकारी और सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों को अगले सप्ताह लगातार दो दिनों की छुट्टी मिलेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि बकरीद के लिए 27 मई को पहले ही अवकाश घोषित किया जा चुका था।



अधिसूचना में कहा गया, 'चूंकि राज्य में ईद-उल-अदहा (बकरीद) 28 मई को मनाई जाएगी, इसलिए सरकार ने गुरुवार, 28 मई 2026 को भी अवकाश घोषित करने का निर्णय लिया है।' सरकार ने साफ किया कि यह अवकाश राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, शैक्षणिक संस्थानों, पेशेवर कॉलेजों और अन्य संस्थानों पर लागू होगा।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष बकरीद की छुट्टी को लेकर राज्य में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था। पहले 6 जून 2025 को बकरीद की छुट्टी घोषित की गई थी, लेकिन बाद में त्योहार 7 जून को मनाए जाने की खबरों के बाद सरकार ने अवकाश की तारीख बदलकर 7 जून कर दी थी और 6 जून को कार्यदिवस घोषित कर दिया था। सरकार के इस फैसले की इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और कुछ अन्य मुस्लिम संगठनों ने आलोचना की थी।

## ईडी ने कोलकाता के पूर्व डीसीपी के बंगले को अटैच करने की शुरू की प्रकिया

**मुर्शिदाबाद।** ईडी ने मुर्शिदाबाद जिले में कोलकाता के पूर्व डीसीपी शांतनु सिन्हा बिस्वास के आलीशान बंगले को अटैच करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक दिन पहले शुक्रवार को अधिकारियों ने मुर्शिदाबाद के कंडी कस्बे में बिस्बास की पैतृक संपत्ति पर ताला तोड़कर तलाशी ली थी और कोलकाता में कई स्थानों पर छापे मारे थे। मामले से जुड़े अवैध भूमि अधिग्रहण, धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश के आरोपों की जांच कर रही है। जांच के दौरान बिस्वास के आरोपी सोना पप्पू से संबंध भी सामने आए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि पूर्व पुलिस अधिकारी का पैतृक घर कुछ साल पहले जर्जर हालत में था, जिसे कुछ ही समय में पुनर्निर्मित कर आलीशान बना दिया गया था।

जांचकताओं को संदेह है कि घर के नवीनीकरण के लिए सोना पप्पू की ओर से दी गई बड़ी रकम का इस्तेमाल किया गया था। ईडी अधिकारी ने बताया कि उन्होंने पूर्व डीसीपी से जुड़ी कई अन्य संपत्तियों का भी पता लगाया है।

# बिजली संकट : गांव हो या शहर भीषण गर्मी में निर्बाध बिजली देना सुनिश्चित करें : सीएम योगी



**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती को लेकर मचे हाहाकार के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भीषण गर्मी और बढ़ती बिजली मांग के बीच प्रदेश में निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन, किसानों, व्यापारियों और उद्योगों को बिजली संकट का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी स्तरों पर सतत मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में ऊर्जा विभाग पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे। मुख्यमंत्री रविवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा एवं राज्य मंत्री कैलाश सिंह राजपूत की उपस्थिति में ऊर्जा विभाग, पावर कॉरपोरेशन एवं सभी डिस्कॉम के अधिकारियों के साथ विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने राज्य की विद्युत उत्पादन क्षमता को और सुदृढ़ बनाने तथा गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती विद्युत मांग को देखते हुए उत्पादन इकाइयों की अधिकतम क्षमता का उपयोग किया जाए और सभी संयंत्रों में तकनीकी दक्षता तथा रखरखाव व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

बैठक में बताया गया कि उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता बढ़कर 13,388 मेगावाट हो गई है। इसमें अनपरा, ओबरा, हरदुआगंज, परीछा, जवाहरपुर और पनकी जैसे तापीय विद्युत गृहों की 9,120 मेगावाट क्षमता शामिल है, जबकि जल विद्युत परियोजनाओं से 526.4 मेगावाट क्षमता उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त मेजा, घाटमपुर और खुर्जा परियोजनाओं से संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से 3,742 मेगावाट क्षमता राज्य को प्राप्त हो रही है।

# सूरज की भीषण गर्मी का खुला रहस्य, कोरोना में छिपी चुंबकीय तरंगें बना रहीं लाखों डिग्री तापमान

**नई दिल्ली।** सूरज की बाहरी परत यानी कोरोना आखिर लाखों डिग्री तक गर्म क्यों रहती है, यह सवाल दशकों से वैज्ञानिकों के लिए बड़ी पहेली बना हुआ था। अब भारतीय वैज्ञानिकों के नए अध्ययन ने इस रहस्य को समझने की दिशा में बड़ा संकेत दिया है। शोध में पता चला है कि कोरोना में मौजूद चुंबकीय तरंगें और उनसे पैदा होने वाली सूक्ष्म अशांति वहां की असामान्य गर्मी की बड़ी वजह हो सकती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि ये तरंगें बिना बड़े गैसीय प्रवाह के भी ऐसे संकेत पैदा करती हैं, जिन्हें पहले केवल तेज प्लाज्मा प्रवाह से जोड़ा जाता था। इस अध्ययन को भारतीय वैज्ञानिकों की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।



यह शोध आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान अनुसंधान संस्थान और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के वैज्ञानिकों ने मिलकर किया है। यह अध्ययन प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका द एस्ट्रोफिज़िकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। वैज्ञानिकों ने पाया कि कोरोना में मौजूद चुंबकीय हाइड्रोडायनामिक तरंगें लगातार ऊर्जा पैदा करती रहती हैं। आसान भाषा में समझें तो यह तरंगें चुंबकीय संरचनाओं को उसी तरह हिलाती हैं जैसे हवा में रस्सी लहराती है। इन्हीं तरंगों से पैदा हुई हलचल कोरोना को अत्यधिक गर्म बनाए रखने में मदद करती है। सामान्य रूप से किसी भी ऊर्जा स्रोत से दूर जाने पर तापमान कम हो जाता है। लेकिन सूरज में इसका उल्टा होता है। सूरज की दिखाई देने वाली सतह यानी फोटोस्फेयर की तुलना में उसके ऊपर मौजूद कोरोना कई गुना ज्यादा गर्म होता है। वैज्ञानिक लंबे समय से यह समझने की कोशिश कर रहे थे कि आखिर कोरोना तक इतनी ऊर्जा कैसे पहुंचती है। इस नए अध्ययन में पता चला कि कोरोना के भीतर मौजूद तरंगें और घनत्व की असमानताएं ऊर्जा को लगातार फैलाती रहती हैं, जिससे वहां तापमान लाखों डिग्री तक बना रहता है।

शोधकताओं ने तीन-आयामी कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए कोरोना के व्यवहार को समझने की कोशिश की। इसमें चुंबकीय क्षेत्रों और घनत्व की अलग-अलग स्थितियों को मॉडल में शामिल किया गया। वैज्ञानिकों ने नीचे से ऊपर की ओर तरंगें भेजकर देखा कि रोशनी और ऊर्जा कैसे व्यवहार करती है। अध्ययन में लोहे के आयन से बनने वाली विशेष स्पेक्ट्रल रेखा एफई-13 10749 ए का विश्लेषण किया गया। सिमुलेशन में पाया गया कि कोरोना के भीतर तरंगें एक समान गति से नहीं चलतीं, बल्कि घनत्व बदलने के कारण उनकी चाल भी बदलती रहती है।

## मुंबई में भड़काऊ पोस्ट फैलाने पर दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बांद्रा पूर्व में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सोशल मीडिया पर भड़काऊ और फर्जी जानकारी फैलाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक एक्स प्लेटफॉर्म पर एक भ्रामक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें कार्रवाई को लेकर झूठे दावे किए गए थे। अधिकारियों ने कहा कि आरोपियों ने जानबूझकर ऐसा कंटेंट फैलाया ताकि सामाजिक तनाव बढ़े और लोगों में डर पैदा हो।

मामला भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज किया गया है। पश्चिम रेलवे ने शनिवार को बांद्रा पूर्व के गरीब नगर इलाके में अवैध ढांचों को हटाने का अभियान पूरा किया। इससे पहले बुधवार को एक धार्मिक स्थल पर कार्रवाई के बाद पथराव हुआ था, जिसमें पुलिसकर्मियों समेत 10 लोग घायल हो गए थे। मुंबई पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बिना पुष्टि के कोई भी सामग्री सोशल मीडिया पर साझा न करें।

# तेलंगाना सरकार का बड़ा फैसला: जूनियर कॉलेजों में मिलेगा मिड-डे मील, 2.5 लाख नए घरों को भी मंजूरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने छात्रों और गरीब परिवारों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। राज्य कैबिनेट ने सभी जूनियर कॉलेजों में पढ़ने वाले 11वीं और 12वीं के छात्रों के लिए मिड-डे मील योजना शुरू करने को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही ह्यइंदिरम्माह्व आवास योजना के दूसरे चरण में 2.5 लाख नए घर बनाने का फैसला भी लिया गया है। सरकार का कहना है कि इन फैसलों से गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री ए रेवंथ रेड्डी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई अहम योजनाओं पर मुहर लगी। सरकार अब शिक्षा, रोजगार, आवास और बुनियादी सुविधाओं को एक साथ मजबूत करने की तैयारी में है।

कैबिनेट बैठक के बाद सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रीनिवास ने बताया कि राज्य के सभी जूनियर कॉलेजों में मिड-डे मील योजना लागू की जाएगी। इसका लाभ 11वीं और 12वीं में पढ़ने वाले छात्रों को मिलेगा। सरकार का




मानना है कि इससे गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई नहीं छूटेगी और स्कूलों में उपस्थिति भी बढ़ेगी। अभी तक यह योजना मुख्य रूप से स्कूल स्तर तक सीमित थी, लेकिन अब इसे जूनियर कॉलेजों तक बढ़ाया गया है। सरकार का फोकस खासतौर पर उन छात्रों पर है जो आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई छोड़ देते हैं। इस फैसले को शिक्षा क्षेत्र में बड़ा कदम माना जा रहा है।

कैबिनेट ने इंदिरम्मा हाउसिंग योजना के दूसरे चरण में 2.5 लाख मकानों को मंजूरी दी है। सरकार पहले चरण में करीब 22,500 करोड़ रुपये की लागत से 4.5 लाख घरों को मंजूरी दे चुकी है। अब हर विधानसभा क्षेत्र में 2,000 नए घर स्वीकृत किए जाएंगे।

इसके अलावा ग्रेटर हैदराबाद क्षेत्र की 24 विधानसभा सीटों में लोअर इनकम ग्रुप यानी एलआईजी वर्ग के लिए एक लाख घर बनाए जाएंगे। सरकार का कहना है कि इससे गरीब परिवारों को पक्का घर मिल सकेगा और शहरों में रहने वाले निम्न आय वर्ग के लोगों को राहत मिलेगी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। सोमवार 25 मई -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


करंट क्राइम | ट्वीट का करंट



Sunil Kumar Sharma · Follow · 3h

आज ग्राम मकनपुर निवासी श्री राजकुमार त्यागी जी की स्वर्गीय माताजी की श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित होकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# फेक नैरेटिव पर प्रहार और राष्ट्र निर्माण का संकल्प
## गाजियाबाद में भाजपा का जिला प्रशिक्षण वर्ग संपन्न







### समापन सत्र

**समापन सत्र को भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में जोश भरा**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महानगर गाजियाबाद द्वारा आयोजित 'पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के अंतर्गत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को आईटीएस कॉलेज, मुरादनगर में अत्यंत उत्साह और संगठनात्मक ऊर्जा के साथ समापन हो गया।

समापन सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों में नया जोश भरा।

अपने संबोधन में डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने देश के खिलाफ रचे जा रहे अंतरराष्ट्रीय और घरेलू षड्यंत्रों पर कड़ा प्रहार किया।

उन्होंने कहा, आज देश के विरुद्ध एक योजनाबद्ध तरीके से भ्रामक खबरें और झूठे नैरेटिव गढ़कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत को पिछड़ा और अवैज्ञानिक राष्ट्र साबित करने की कोशिशें लंबे समय से चल रही हैं, लेकिन हमारे वैज्ञानिकों, शोधकताओं और प्रतिभाओं ने पिछले 120 वर्षों में वैश्विक पटल पर देश का गौरव बढ़ाया है।

उन्होंने आगे कहा कि आज दुनिया की शीर्ष कंपनियों और वैश्विक संस्थानों में भारतीय मूल के लोग नेतृत्व कर रहे हैं।

वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी नई पहचान स्थापित की है और नकारात्मक नैरेटिव को प्रभावी ढंग से तोड़ा है।

आज भारत तकनीक, डिजिटल क्रांति, उत्पादन क्षमता और आर्थिक शक्ति के क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी ताकतों में शामिल है।



### 2027 विजय संकल्प और सांगठनिक गुरुमंत्र

करंट क्राइम। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं को आगामी राजनीतिक चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया गया। समापन सत्र में उपस्थित कार्यकताओं ने निम्नलिखित मुख्य विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया: संगठन की कार्यपद्धति एवं कड़ा अनुशासन, सशक्त जनसंपर्क और डिजिटल संवाद (सोशल मीडिया प्रबंधन), वैचारिक मजबूती और राष्ट्रवादी विचारधारा का प्रसार, आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की जमीनी रणनीति। सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की रीति-नीति को आत्मसात करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी आहुति देने का संकल्प लिया। पूरा परिसर '2027 विजय संकल्प' के नारों से गुंजायमान रहा।

**दिग्गज नेताओं की रही गरिमामयी उपस्थिति :** इस ऐतिहासिक समापन सत्र के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप, अभियान संयोजक व एमएलसी श्रीचंद शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, सदर विधायक संजीव शर्मा, अभियान के महानगर संयोजक एस.पी. सिंह और एमएलसी दिनेश गोयल सहित प्रदेश व क्षेत्र के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में महानगर के समस्त अपेक्षित कार्यकर्ता, पूर्व पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों एवं प्रकल्पों के संयोजक, पूर्व महापौर तथा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति रही, जिससे संपूर्ण आयोजन में अद्वितीय सांगठनिक एकजुटता की झलक देखने को मिली।

# आग से बचाव की जंग का मेगा अभियान शुरू
## हाईराइज सोसायटियों और अस्पतालों में फायर विभाग की ताबड़तोड़ मॉक ड्रिल

### जीत जाएंगे हम

**निकास मार्गों से लेकर फायर सिस्टम तक की जांच, लापरवाही पर नोटिस**

### लोगों को सिखाया गया आग से बचाव का लाइव प्रशिक्षण











**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गर्मी के मौसम में बढ़ते अग्निकांडों के खतरे को देखते हुए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और अग्निशमन विभाग ने हाईराइज इमारतों, अस्पतालों और औद्योगिक परिसरों में व्यापक स्तर पर फायर सेफ्टी अभियान छेड़ दिया है। 1 मई से चल रहे विशेष अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत 23 और 24 मई को शहर की प्रमुख सोसायटियों, अस्पतालों और औद्योगिक इकाइयों में मेगा मॉक ड्रिल आयोजित कर आपातकालीन हालात से निपटने की तैयारियों को परखा गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया है कि गाजियाबाद और अन्य अधिकारियों की निगरानी में राजनगर एक्सटेंशन स्थित वीवीआई एड्रेस सोसाइटी, वसुंधरा सेक्टर-15 के शिखर एन्क्लेव, टीला मोड़ स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड मैक ल्यूब प्लांट, साहिबाबाद के वी केयर हॉस्पिटल, इंदिरापुरम की शिप्रा रिवेरा सोसायटी, रामप्रस्थ ग्रीन प्लैटिनम, क्रॉसिंग रिपब्लिक की सेवियर ग्रीन सीले सोसायटी तथा सिद्धार्थ विहार की गंगा यमुना हिंडन एन्क्लेव सोसायटी समेत कई महत्वपूर्ण परिसरों में फायर मॉक ड्रिल कराई गई।

अभियान के दौरान फायर टेंडरों के साथ टीमों ने भवनों के निकास मार्गों, फायर अलार्म सिस्टम, स्प्रिंकलर, हाइड्रेंट और अन्य अग्निशमन उपकरणों की गहन जांच की।

मौके पर मौजूद लोगों और कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में सुरक्षित निकासी, प्राथमिक बचाव और अग्निशमन यंत्रों के उपयोग का लाइव प्रशिक्षण भी दिया गया। निरीक्षण में जिन भवनों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में खामियां मिलीं, उन्हें तत्काल सुधार के लिए नोटिस जारी किए जा रहे हैं। साथ ही भवन स्वामियों और प्रबंधन को विद्युत सुरक्षा प्रणाली का ऑडिट कराने तथा सभी फायर सिस्टम को ऑटो मोड और कार्यशील अवस्था में रखने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति में सुरक्षित निकासी सुनिश्चित करने के लिए सभी निकास मार्ग अवरोध मुक्त रखना अनिवार्य है।

### लोनी में अवैध पशु बाजारों पर भाजपा विधायक का प्रहार
# नंदकिशोर गुर्जर ने डीसीपी को लिखा पत्र
## कानून तोड़ने वालों पर लगे रासुका

### अवैध पशु बाजार

**एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस क्षेत्र में खुलेआम पशु बिक्री और प्रतिबंधित कुर्बानी की शिकायतों से मचा हड़कंप, पुलिस-प्रशासन पर बढ़ा दबाव**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बकरीद से पहले लोनी क्षेत्र में अवैध पशु बाजारों और खुलेआम पशु बिक्री को लेकर सियासत और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। भाजपा के तेजतर्रार लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने डीसीपी ग्रामीण को पत्र लिखकर क्षेत्र में संचालित अवैध पशु बाजारों, सड़कों पर खुलेआम पशुओं की खरीद-फरोख्त और प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी की आशंका पर तत्काल कठोर कार्रवाई की मांग की है। विधायक के पत्र के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में भी हलचल बढ़ गई है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अपने पत्र में साफ कहा कि लोनी विधानसभा क्षेत्र एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस जोन के अंतर्गत आता है, बावजूद इसके कई इलाकों में खुलेआम पशु बाजार लगाए जा रहे हैं। सड़कों और बाजारों में बकरे, कटरे और भैंसों की बिक्री से आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्र में गंदगी, अव्यवस्था और जाम की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। भाजपा के लोनी से विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ कट्टरपंथी तत्व प्रतिबंधित पशुओं की कुबार्नी देकर क्षेत्र का माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन को चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो सांप्रदायिक सौहार्द प्रभावित हो सकता है।

नंदकिशोर गुर्जर ने डीसीपी ग्रामीण से मांग की कि एयरक्राफ्ट ऑर्डिनेंस का उल्लंघन करने वालों, अवैध पशु बाजार संचालकों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ रासुका सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी अवैध पशु बाजारों को तत्काल बंद कराया जाए। सूत्रों के मुताबिक, विधायक के पत्र के बाद पुलिस और प्रशासनिक स्तर पर संवेदनशील इलाकों की निगरानी बढ़ाने की तैयारी शुरू हो गई है। स्थानीय पुलिस अधिकारियों को भी सतर्क रहने और किसी भी अवैध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए जा सकते हैं। बकरीद से पहले उठे इस मुद्दे ने लोनी की राजनीति को गर्मा दिया है। अब सभी की निगाहें पुलिस कमिश्नरेट और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं कि अवैध पशु बाजारों पर कितना बड़ा अभियान चलाया जाता है।

# किसान-मजदूर महापंचायत आज, गाजियाबाद में हाई अलर्ट
## कमला नेहरू नगर में किसानों के बीच पहुंचेंगे राकेश टिकैत, जीडीए और प्रशासन से मुलाकात की भी संभावना

### महापंचायत

**महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेंगे**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सोमवार किसान-मजदूर महापंचायत को लेकर राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल तेज हो गई है। कमला नेहरू नगर स्थित सीबीआई रोड, हरसांव पुलिस लाइन के निकट आयोजित होने वाली इस महापंचायत में बड़ी संख्या में किसानों, मजदूरों और विभिन्न किसान संगठनों के पहुंचने की संभावना है। महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत किसानों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनेंगे और आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे।

पुलिस के सूत्रों के अनुसार महापंचायत में किसानों की भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, कृषि संकट, आवारा पशुओं की समस्या, बिजली दरें, सिंचाई, गन्ना भुगतान, रोजगार और मजदूर हितों जैसे कई अहम मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। पिछले लंबे समय से गाजियाबाद और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसान अपनी जमीनों के अधिग्रहण और मुआवजे को लेकर नाराज चल रहे हैं। किसानों का आरोप है कि विकास परियोजनाओं के नाम पर उनकी जमीनें ली गईं, लेकिन उचित मुआवजा और सुविधाएं अब तक नहीं मिल सकीं। बताया जा रहा है कि महापंचायत के बाद राकेश टिकैत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) और जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों से भी मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान किसानों की समस्याओं से जुड़ा ज्ञापन सौंपे जाने की संभावना है।

किसान संगठनों का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और बड़ा रूप दिया जाएगा। महापंचायत को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है, वहीं खुफिया इकाइयों को भी सक्रिय कर दिया गया है। प्रशासन को आशंका है कि बड़ी संख्या में किसानों के जुटने से यातायात प्रभावित हो सकता है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन और महापंचायतों के जरिए कई बार सरकार और प्रशासन पर दबाव बनाया जा चुका है। गाजियाबाद, नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण और मुआवजे के मुद्दे लंबे समय से किसानों के लिए बड़ा विषय बने हुए हैं। ऐसे में आज की महापंचायत को किसानों की आगामी रणनीति और शक्ति प्रदर्शन के रूप में भी देखा जा रहा है।

# 45 डिग्री की तपिश में पुलिसकर्मियों और फरियादियों को मिल रहा कूल-कूल ठंडा पानी

### गर्मी से राहत

**जनसहयोग और पुलिस पहल से थानों व पुलिस कार्यालयों में लगे वाटर कूलर**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां दोपहर होते-होते सड़कें सूनी पड़ जा रही हैं, वहीं पुलिसकर्मियों और फरियादियों के लिए राहत का बड़ा इंतजाम किया गया है। 44 से 45 डिग्री तक पहुंच रहे तापमान में थाना

शेष, पृष्ठ 6




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार में गूंज रहा है इन्फॉरमेशन के अभाव का फसाना? क्यों बोले मिस्टर कसाना हम कहां से कर लें काम? हमे नहीं मिलती है समय से सूचना? क्या चल रहा है नदियापार में कोई इन्फॉरमेशन सिस्टम में एरर? क्या सूचना के युग में महानगर का सूचना तंत्र नहीं कर पा रहा है ठीक से काम? वो बोले ये चेहरे खुद के फोटो पर ज्यादा फोकस कर रहे है ? इस लिए ठीक से अपने काम पर नहीं दे रहे ध्यान ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुरादनगर वाले शिविर में क्यों उठा रहे थे पांच मंडल अध्यक्ष एक साथ मिलकर हाथ? क्या वो देना चाह रहे थे शहर विधानसभा से जुड़ा कोई संदेश? पांचों अध्यक्षों ने उठाया हाथ और नहीं कहीं कुछ बात? कहने वाले ने कहा कि समझने वाले समझ गये और मंडल अध्यक्षों ने रख दी बिना कहें अपनी बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मुरादनगर वाले शिविर में महामंत्री चौहान ने शब्दों का साईज कर दिया था छोटा? जब उन्हें मिले संक्षिप्त वाले निर्देश तो उन्होंने स्वागत में ही समेट दिये अपने विचार? सुना है प्रशिक्षण शिविर में भगवा योद्धा ने बनाई थी मंच और माईक की रणनीति? अब होना तो वही है जो भगवा योद्धा को हो स्वीकार ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदियापार के ब्राह्मण पार्षद ने कहा कि आय प्रमाणपत्र से लेकर मृत्यु प्रमाण पत्र तक की होगी होम डिलीवरी? क्या पार्षद ने कहा जोमेटो और स्विगी जैसी सुविधा देंगे वार्ड में? कहने वाले ने कहा कि पार्षद को करनी चाहिए अपनी हेल्थ की केयर? उन्हें फोकस करना चाहिए कि सिस्टम रहे फेयर? ऐसे कर्मठ पार्षद मिलते है बहुत ही रेयर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के एक नेता ने सोशल मीडिया को बना लिया है मन की भड़ास निकालने का अड्डा? क्या उन्होंने अपने शब्दों से खत्म कर दी है मर्यादा और वो जमकर कर रहे हैं बेहद खराब शब्दों का प्रयोग? कहने वाले ने कहा कि संगठन को लेना चाहिए संज्ञान? अगर कोई नाराजगी है तो बैठकर हो सकता है उसका समाधान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा में बन गया है महिला मोर्चा का भी कोई महागठबंधन? मुरादनगर वाले प्रशिक्षण शिविर में हुए इस गठबंधन वाले होर्डिंग के दर्शन? महिला मोर्चा के गठबंधन में क्षेत्रीय अध्यक्ष से लेकर महानगर अध्यक्ष के भी लगे हैं फोटो? महिला मोर्चा महागठबंधन कर रहा था प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत? फूल वालों में ही इस बात की हो रही है चर्चा कि कहां से आया है ये महिला महागठबंधन? सुना है कभी भी कोई दिल जला इस गठबंधन का कर सकता है खंडन ?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि पुरानी रामलीला के दंगल से बना ली है क्या सांसद खेमे के लोगों ने दूरी? सुना है मिले हैं कोई इंटरनल निर्देश और ऐसे में वहां नजर नहीं आना बन गयी है मजबूरी? कहने वाले ने कहा कि यदि ऐसा है तो क्या एयरपोर्ट वाले एडवाईजर बनायेंगे चुनाव से डिस्टेंस? वो चुनाव लड़ेंगे या नहीं लड़ेंगे, खत्म होना चाहिए ये सस्पेंस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि किस वार्ड में हो गया एक मौहल्ले में दो नारियल का हल्ला? एक विकास कार्य के हो गये दो उद्घाटन? एक पार्षद ने फोड़ा नारियल तो बीस मिनट बाद दूसरा पार्षद आ गया लेकर लड्डू? सुना है कि ठेकेदार को जब किया फोन तो उसकी बदली हुई थी टोन? उसने साफ कह दिया हम एक बार उद्घाटन का खर्चा उठायेंगे? इस तरह आपके बुलाने पर हम बार बार नहीं आयेंगे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कौन से वार्ड मे कांग्रेस का एक नेता कर रहा है भाजपा से टिकट लेने की तैयारी? सुना है कि आधे गांव और आधे शहर वाले इस वार्ड में कांग्रेस नेता को मिल रही है भाजपा खेमे से ही सपोर्ट? सुना है कमल वालों ने ही कर लिया है कांग्रेस के नेता से वादा? जब टिकट मांगने की घड़ी आयेगी तो हम तुम्हारे समर्थन में खड़े होगें ज्यादा से ज्यादा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के वर्ग प्रशिक्षण शिविर को लेकर नदियापार की भाजपाईन ने उठा दिया खट्टे अंगूरों का सवाल? क्या कौशिक मैडम ने लिख दिया प्रशिक्षण में अपेक्षित जाते हैं? यह अधिकार का नहीं अपेक्षा का है सवाल? नदियापार की भाजपाईन ने खट्टे अंगूरों के जरिये किस पर साधा है निशाना? अपने शब्दों के जरिये वह अपेक्षित को लेकर क्या चाह रही हैं बताना?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# गर्मी बनी महाविपत्ति

उत्तर और मध्य भारत के दस से अधिक राज्य इन दिनों भीषण गर्मी से तप रहे हैं। अधिकांश स्थानों पर पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर जा पहुंचा है। लोग गर्मी से निजात पाने के लिए मैदानों से पहाड़ की ओर जाते हैं, लेकिन अब कुछ पहाड़ी क्षेत्रों में भी लू चलने जैसी स्थिति पैदा हो गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा में जहां अधिकतम तापमान 47 डिग्री को पार कर गया है, वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गुरुवार की रात पिछले चौदह वर्षों में सबसे गर्म रही।

बढ़ते तापमान की तपिश ने न केवल आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि इससे कृषि का कार्य भी प्रभावित हो रहा है और कई जगह फसलों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि हर साल मौसम में इतना ज्यादा उतार-चढ़ाव आखिर क्यों हो रहा है। जाहिर है कि यह जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक ताप का ही नतीजा है, जिससे मौसम का प्राकृतिक चक्र प्रभावित हो रहा है।

तापमान का बढ़ना सिर्फ मनुष्य और अन्य जीव-जंतुओं को शारीरिक रूप से ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि इसका असर व्यापक होता है। अत्यधिक गर्मी से प्राकृतिक जलस्रोत सूखने लगते हैं, जिससे पेयजल संकट पैदा हो जाता है। सिंचाई के बिना फसलें बर्बाद हो जाती हैं और कई दफा बुआई का कार्य भी प्रभावित होता है। यही नहीं, झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकलते हैं और बाजारों की रौनक गायब हो जाती है। नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां सुस्त पड़ जाती हैं और इसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। गर्मी की सबसे ज्यादा मार गरीब तबकों को ही झेलनी पड़ती है, जिनके पास संसाधनों की कमी होती है। सरकार की ओर से ऐसे लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है। इस बात पर भी गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए कि आखिर मैदानों के साथ अब पहाड़ भी क्यों तपने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहाड़ी क्षेत्रों में वनों की अंधाधुंध कटाई, अवैज्ञानिक तरीके से खनन और पर्यटक वाहनों के बढ़ते दबाव से स्थानीय मौसम चक्र में बदलाव हो रहा है। ऐसे में अगर अब भी हम नहीं संभले, तो निकट भविष्य में इसका परिणाम भयावह हो सकता है। यही नहीं, झुलसा देने वाली गर्मी के कारण लोग घरों से कम निकलते हैं और बाजारों की रौनक गायब हो जाती है। नतीजतन व्यापारिक गतिविधियां सुस्त पड़ जाती हैं और इसका सीधा असर अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। गर्मी की सबसे ज्यादा मार गरीब तबकों को ही झेलनी पड़ती है, जिनके पास संसाधनों की कमी होती है। सरकार की ओर से ऐसे लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने पर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# शेयर बाजार में मचा घमासान छह दिग्गज कंपनियों की बल्ले-बल्ले




**नई दिल्ली।** पिछले हफ्ते शेयर बाजार में भारी उठापटक देखने को मिली। इसके बावजूद देश की सबसे बड़ी 10 कंपनियों में से छह कंपनियों ने मिलकर जबरदस्त कमाई की है। इन छह कंपनियों की मार्केट कैप यानी कुल बाजार कीमत में 74,111.57 करोड़ रुपये का बड़ा उछाल आया है। इस पूरे हफ्ते रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा फायदे में रही। उतार-चढ़ाव के बीच भी देश का मुख्य शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स 177 अंक की बढ़त के साथ बंद होने में कामयाब रहा।

सरल शब्दों में समझें तो बाजार का मूड पिछले हफ्ते थोड़ा बिगड़ा हुआ था। रेलिगेयर ब्रोकिंग के विशेषज्ञ अजीत मिश्रा ने बताया कि भारतीय रुपया लगातार कमजोर हो रहा है और दुनिया भर के बाजारों से भी मिले-जुले संकेत मिल रहे थे। इसके अलावा बाजार में इस बात को लेकर भी डर था कि महंगाई और लोन की ब्याज दरें आगे क्या रुख अपनाएंगी। इन वजहों से पूरे हफ्ते बाजार एक दायरे में ऊपर-नीचे होता रहा, जिससे निवेशकों के बीच बेचैनी बनी रही। इस पूरे फेरबदल के बाद भी देश की सबसे अमीर या मूल्यवान कंपनियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज अभी भी देश की नंबर-1 कंपनी बनी हुई है।

इसके बाद दूसरे नंबर पर एचडीएफसी बैंक, तीसरे पर भारती एयरटेल और चौथे पर आईसीआईसीआई बैंक का कब्जा है।

### इन छह कंपनियों के निवेशकों की हुई चांदी

तमाम दिक्कतों के बाद भी छह बड़ी कंपनियों की किस्मत चमकी। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और लार्सन एंड टुब्रो शामिल हैं।

### इन चार बड़े नामों को उठाना पड़ा नुकसान

जहां छह कंपनियों ने मुनाफा कमाया, वहीं चार बड़ी कंपनियों के निवेशकों को झटका लगा। इनमें भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर ,एसबीआई और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। भारती एयरटेल को सबसे ज्यादा 20,229.67 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद हिंदुस्तान यूनिलीवर की कीमत 16,212.18 करोड़ रुपये और सरकारी बैंक एसबीआई की कीमत 12,784.4 करोड़ रुपये घट गई। देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक को भी 2,094.35 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ।

# एलन मस्क का सबसे बड़ा दांव, स्पेसएक्स का आईपीओ बना सकता है दुनिया का पहला खरबपति

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ लाने की तैयारी में है। कंपनी की वैल्यू 2 खरब डॉलर तक पहुंच सकती है। स्पेसएक्स आईपीओ के जरिए 75 अरब डॉलर जुटाना चाहती है। अगर यह लक्ष्य पूरा हुआ तो एलन मस्क दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं। कंपनी को



स्टारलिंक इंटरनेट कारोबार से बड़ी कमाई हो रही है और निवेशकों की नजर इस आईपीओ पर टिकी है।

टेक दिग्गज एलन मस्क जल्द ही दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की अंतरिक्ष एवं सैटेलाइट कंपनी स्पेसएक्स शेयर बाजार में लिस्ट होने की तैयारी में है। कहा जा रहा है कि यह अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है।

24 वर्षों से शेयर बाजार से पूरी तरह दूर रही स्पेसएक्स ने नास्देक, नास्तेक टैक्सस पर एसपीसीएक्स टिकर के साथ लिस्टिंग का आवेदन किया है।

कंपनी ने अमेरिकी नियामक (एसईसी) के पास आईपीओ के लिए आधिकारिक तौर पर दस्तावेज जमा कराए। हालांकि आईपीओ के बाद भी स्पेसएक्स पर मस्क का नियंत्रण पूरी तरह बना रहेगा। 1.75 खरब डॉलर से 2 खरब डॉलर के साथ, स्पेसएक्स का आईपीओ मूल्यांकन भारत के पूरे शेयर बाजार से भी बड़ा है। दस्तावेज के अनुसार, कंपनी को स्टारलिंक इंटरनेट से बंपर कमाई हो रही है।

ऐसे बनेंगे दुनिया के पहले खरबपति स्पेसएक्स में मस्क की हिस्सेदारी करीब 42 फीसदी है।

### सफलता पर शीर्ष दस कंपनियों में होगी शामिल

अगर कंपनी आईपीओ से 75 अरब डॉलर का फंड जुटाने में कामयाब हो जाती है तो यह सऊदी अरामको के 2019 वाले 29.4 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड से करीब तीन गुना अधिक होगा। उससे पहले, 2014 में चीनी कंपनी अलीबाबा ने अमेरिकी शेयर बाजार से 22 अरब डॉलर जुटाए थे, जो उस समय का सबसे बड़ा रिकॉर्ड था। स्पेसएक्स विश्व की शीर्ष- 10 सबसे बड़ी कंपनियों में शामिल हो सकती है।

### मूल्यांकन काफी ज्यादा माना जा रहा

सैकड़ों पेज के दस्तावेज के अनुसार, स्पेसएक्स की नए निवेशकों से करीब 75 अरब डॉलर जुटाने योजना है। यदि ऐसा होता है तो कंपनी की कुल वैल्यू बढ़कर 1.75 खरब डॉलर से 2 खरब डॉलर तक पहुंच जाएगी। हालांकि यह वैल्यू कई विशेषज्ञों को काफी अधिक लग रही है। कंपनी ने 2025 में करीब 18.7 अरब डॉलर राजस्व दर्ज किया था। एपल और एनवीडिया जैसी बड़ी कंपनियां भी राजस्व के मुकाबले कम मल्टीपल पर कारोबार करती हैं। इसी वजह से वॉल स्ट्रीट में स्पेसएक्स को लेकर गेम चेंजर और अधिक मूल्यांकन दोनों तरह की राय दिख रही है।

# सरकार ने सीएनजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर के सत्यापन का दायरा बढ़ाया

**नई दिल्ली।** कार्यक्षमता को बेहतर बनाने और स्वच्छ ईंधन के बढ़ते इस्तेमाल को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्र सरकार ने रविवार को कहा कि उसने 'लीगल मेट्रोलॉजी (सरकार द्वारा अनुमोदित परीक्षण केंद्र) नियम, 2013' में संशोधन किया है। इसका उद्देश्य भारत के लीगल मेट्रोलॉजी इकोसिस्टम को और मजबूत करना तथा देश में वजन और माप के सत्यापन संबंधी बुनियादी ढांचे का विस्तार करना है। इस संशोधन की एक प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें सरकारी-अनुमोदित परीक्षण केंद्रों (जीएटीसी) के दायरे का विस्तार किया गया है, ताकि अतिरिक्त ईंधन वितरण प्रणालियों के सत्यापन और पुनः सत्यापन को भी इसमें शामिल किया जा सके। पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कटौती से केंद्र पर 30,000 करोड़ रुपए का बोझ, उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ा असर ये भी पढ़ें पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कटौती से केंद्र पर 30,000 करोड़ रुपए का बोझ, उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ा असर



आरबीआई इस साल सरकार को देगी रिकॉर्ड डिविडेंड, भुगतान 2.8-3.3 लाख करोड़ रुपए के बीच होने की उम्मीद ये भी पढ़ें आरबीआई इस साल सरकार को देगी रिकॉर्ड डिविडेंड, भुगतान 2.8-3.3 लाख करोड़ रुपए के बीच होने की उम्मीद उम्मीद है कि इस कदम से सत्यापन सेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी। इन संशोधनों के तहत राज्य सरकारों को यह अधिकार दिया गया है कि वे अपने-अपने नियमों के अनुसार जीएटीसी के माध्यम से सत्यापन के लिए वजन और माप की अतिरिक्त श्रेणियों को अधिसूचित कर सकें। पेट्रोल और डीजल डिस्पेंसर के सत्यापन के लिए शुल्क 5 हजार रुपए प्रति नोजल निर्धारित किया गया है, जबकि सीएनजी, एलपीजी, एलएनजी और हाइड्रोजन डिस्पेंसर के लिए यह शुल्क 10 हजार रुपए प्रति नोजल तय किया गया है। संशोधित नियमों के तहत उन उपकरणों की सूची में डिस्पेंसिंग सिस्टम की पांच श्रेणियां जोड़ी गई हैं, जिनका सत्यापन जीएटीसी द्वारा किया जा सकेगा।

डॉलर के मुकाबले 63 पैसे चढ़कर 95.73 पर बंद इनमें पेट्रोल/डीजल डिस्पेंसर, सीएनजी डिस्पेंसर, एलपीजी डिस्पेंसर, एलएनजी डिस्पेंसर और हाइड्रोजन डिस्पेंसर शामिल हैं।

# टाटा ग्रुप की 2 कंपनियां सोमवार को ट्रेड करेंगी एक्स-डिविडेंड

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में इस हफ्ते कई कंपनियां एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगी। इन कंपनियों की 2 टाटा ग्रुप के स्टॉक भी शामिल हैं। टाटा ग्रुप की दोनों कंपनियां कल यानी 25 मई 2026 को एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने जा रही हैं। टीसीएस के शेयर बीएसई में 0.45 प्रतिशत की गिरावट के बाद 2317.25 रुपये के स्तर पर बंद हुआ था। कंपनी ने एक शेयर पर 31 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है।

25 मई की तारीख को टीसीएस ने रिकॉर्ड डेट घोषित करेगा। बता दें, इसी साल टीसीएस के शेयर जनवरी के महीने में एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब कंपनी ने योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 46 रुपये का डिविडेंड दिया था।

बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 26 प्रतिशत की गिरावट आई थी। वहीं, एक साल में टीसीएस का शेयर 33 प्रतिशत टूट चुका है। पिछले दो साल में इस आईटी कंपनी के शेयरों का भाव 39 प्रतिशत गिरा है। बता दें, 5 साल से शेयरों को




होल्ड करने वाले निवेशकों को अबतक 24 प्रतिशत का नुकसान उठाना पड़ा है।

टाटा ग्रुप की इस कंपनी ने हर एक शेयर पर 10 रुपये का डिविडेंड देने का ऐलान किया है। Tata Consumer Products Ltd के शेयर ने 25 मई की तारीख को रिकॉर्ड डेट घोषित किया हुआ है। इससे पहले कंपनी ने पिछले साल डिविडेंड दिया था। तब एक शेयर पर 8.25 रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को मिला था।

शेयर बीएसई में 1192.85 रुपये के स्तर पर बंद हुए थे। एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 5.88 प्रतिशत बढ़ा है। इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 6.84 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जारी तेजी से जल्द राहत मिलने की उम्मीद कम, एक्सपर्ट्स ने बढ़ाई टेंशन




**नई दिल्ली।** शनिवार को एक बार फिर से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया गया था। 10 दिन के अंदर तीसरी बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई थी। इस दौरान पेट्रोल और डीजल का रेट करीब 5 रुपये बढ़ गया है। शनिवार को सीएनजी की कीमतों में भी 1 रुपये प्रति किलोग्राम का इजाफा हुआ था। रिपोर्ट्स के अनुसार आने वाले समय में भी अभी कीमतों में बढ़ोतरी से राहत मिलने की उम्मीद कम ही है। इकनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन लिमिटेड के डायरेक्टर एचआर ने कहा कि अगर संकट जारी रहता है तो कीमतों में बढ़ोतरी से बचा नहीं जा सकता है। मौजूदा समय में कच्चे तेल की कीमतों में जारी बढ़ोतरी की वजह से पेट्रोल और डीजल के रेट पर दबाव बना हुआ है। एचआर ने कहा है कि दो से तीन विकल्व बचे हैं। पहला विकल्प पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा किया जाए। या फिर पेट्रोलियम कंपनियां घाटे को उठाएं। तीसरा विकल्प सरकार की तरफ से खर्च उठाया जाए। उनका कहना है कि अगर स्थिति यह जारी रहती है तो कीमतों में भी भारी इजाफा देखने को मिल सकता है। कीमतों में हुई बढ़ोतरी के बाद अब तेल कंपनियों को हर दिन 500 करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### तेल कंपनियों को हो रहा है 8 से 10 रुपये का घाटा

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हो रही बढ़ोतरी के बाद भी तेल कंपनियों को घाटा हो रहा है। एक्सपर्ट्स के अनुसार मौजूदा समय में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 8 रुपये से 10 रुपये प्रति लीटर का नुकसान हो रहा है। तेल की कीमतों में हुए इजाफे से पहले ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को हर दिन 1000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हो रहा है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- 1 जनवरी 2017 तक, नाइजीरिया की आबादी 189,559,502 लोगों की अनुमानित थी। नाइजीरिया अफ्रीका में सबसे अधिक आबादी वाला देश है और दुनिया में सातवां सबसे अधिक आबादी वाला देश है।
- तीसरा मुख्यभूमि ब्रिज, जो मुख्य भूमि पर लागोस को जोड़ता है, अफ्रीका में सबसे लंबे पुलों में से एक है!
- नाइजीरिया की अधिकारिक मुद्रा को नायर कहा जाता है।
- फुटबॉल, या संयुक्त राज्य अमेरिका में सॉकर, देश के सबसे लोकप्रिय खेलों में से एक है। इसकी राष्ट्रीय टीम ने अफ्रीका कप को तीन बार जीता है।
- नाइजीरिया के तीन सबसे धनी पास्टरों ने मार्च 200 9 और मार्च 2011 के बीच निजी जेट्स पर $ 60 मिलियन से ज्यादा खर्च किए थे।
- अबूजा नाइजीरिया की राजधानी है । यह एक योजनाबद्ध शहर है और इसे मुख्य रूप से 1 9 80 के दशक में बनाया गया था, 12 दिसंबर 1 99 1 तक देश की सबसे अधिक आबादी वाला शहर लागोस था।

## राशिफल

**मेष:** पिछले कुछ समय से की गई गलतियों से सीख लें और आगे बढ़ें। इस तरह की कोशिश करने से आपके व्यक्तित्व में निखार आएगा तथा संबंधों में भी मधुरता बढ़ेगी।

**वृष:** आज का ग्रह गोचर आपके लिए भाग्योदय स्थितियां बना रहा है। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। साथ ही प्रतिष्ठित लोगों से मुलाकात से लाभ और मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**मिथुन:** प्रतिष्ठित लोगों के साथ संपर्क में रहे। उनके सानिध्य में आप भविष्य संबंधी कई योजनाओं को साकार कर पाएंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्य संबंधी योजनाएं बनेंगी।

**कर्क:** कॉल या ईमेल से कोई शुभ सूचना मिलने से उमंग और प्रफुल्लित महसूस करेंगे आप पूरी मेहनत व परिश्रम से हर एक कार्य को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।

**सिंह:** आर्थिक स्थिति तो सामान्य ही रहेगी परंतु आप अपना बजट संतुलित बनाकर रखने में सफल भी रहेंगे। अपनी योग्यता पर विश्वास रखकर आगे बढ़ते रहें।

**कन्या:** दिन कुछ मिला-जुला व्यतीत होगा। आप विवेक और चतुराई से विपरीत परिस्थितियों को अपने पक्ष में कर लेंगे।

**तुला:** कुछ राजनैतिक या प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी। आपका लोकप्रियता के साथ-साथ जनसंपर्क का दायरा भी बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** धार्मिक और आध्यात्मिक कामों में रुचि रहेगी। आपका सिद्धांतवादी नजरिया समाज में आपको सम्मानजनक माहौल करेगा।

**धनु:** आपके लिए कुछ सम्मानजनक तथा धनदायक स्थितियां बनेंगी। इस लाभदायक ग्रह स्थिति का भरपूर लाभ ले।

**मकर:** आज ग्रह स्थिति काफी संतोषजनक है। हर काम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होंगे। कुछ लोग जो आप के खिलाफ थे, आज आपकी बेगुनाही उनके सामने साबित होगी।

**कुंभ:** आज कुछ दिक्कतें आने के बावजूद सकारात्मक नजरिये और संतुलित सोच के साथ आगे बढ़ते जाएंगे और अपने कामों को समय पर पूरा करने में सक्षम रहेंगे।

**मीन:** कोई उधार दिया हुआ या रुके हुए पैसे की वापसी होगी। आर्थिक समस्या के हल हो जाने से सुकून मिलेगा।

## चुटकुले

पत्नी – सुनो जी, अगर मैं मर गई तो तुम क्या करोगे?
पति – वही जो तुम करोगी पत्नी बोली मतलब दूसरी शादी? पति अरे नहीं, मैं भी मर जाऊंगा!

---

टीचर – इतनी पिटाई के बाद भी तुम हंस क्यों रहे हो?
पप्पू – क्योंकि दर्द तो मुझे हो रहा है, पर रो मम्मी रही हैं कि फिर स्कूल से शिकायत आ गई!

---

डॉक्टर –तुम्हारी एक किडनी फेल हो गई है।
मरीज – पहले तो बहुत रोया फिर याद आया कि मेरे पास तो दो होती हैं!

---

पत्नी – शादी से पहले तुम मुझे होटल, सिनेमा और घूमाने ले जाते थे।
पति – अरे भाग्यवान, चुनाव जीतने के बाद कोई नेता प्रचार करने निकलता है क्या?

---

पप्पू – पापा, ये सक्सेस क्या होती है?
पापा – बेटा, अगर तेरी मां के सामने मेरी एक भी चल जाए ना वही सबसे बड़ी सक्सेस है!

---

मास्टर जी – बताओ, सबसे ज्यादा नशा किस चीज में होता है?
छात्र – किताबों में... खोलते ही नींद आ जाती है!

---

पत्नी गुस्से में – मैं मायके जा रही हूं और कभी वापस नहीं आऊंगी!
पति खुशी से – जानू, रास्ते में ध्यान रखना... और हां, जाते-जाते गैस बंद कर देना।

## 25 05 2026 करंट क्राइम
### सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



करण जौहर
फिल्म डायरेक्टर



मानवी सैनी (गुनगुन) | नैंसी सैनी | दक्ष | शिवांगी त्यागी | वंदना भारद्वाज



सोनिका ए. नागी | एमआर शर्मा | अरविंद सिंह | हसीन चौधरी | गुल्लू प्रधान | नवनीत चौधरी



संजय सिंह | विजय मान | विपिन गुर्जर | दीपक कुमार | तनशील भल्ला | गौरव चौधरी | निग्रह आर्य



नरेंद्र ठाकुर | कृष्ण मेहता | ईशान त्यागी | रौशन लाल लांबा | विपिन नागर | आशीष | पवन राघव

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# राष्ट्रमंडल खेलों से पहले गुलवीर सिंह सुर्खियों में, तोड़ा 5000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड



**लॉस एंजिलिस।** भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने लॉस एंजेलिस ट्रैक फेस्ट में 5000 मीटर दौड़ 13:03.93 में पूरी कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया और रजत पदक जीता। उन्होंने अपना ही पुराना रिकॉर्ड तोड़ा और भारतीय लंबी दूरी की दौड़ में नया इतिहास रच दिया।

भारत के स्टार लंबी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए नया इतिहास रच दिया है। लॉस एंजेलिस में आयोजित एलए ट्रैक फेस्टिवल में गुलवीर ने पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतने के साथ अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। गुलवीर ने 13 मिनट 03.93 सेकेंड का समय निकालकर दूसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में इरीट्रिया के हबतोम सैमुअल ने 12:57.22 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। भारतीय धावक ने अपने पुराने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:11.82 को पीछे छोड़ दिया, जो उन्होंने सितंबर 2024 में जापान में बनाया था।

**भारतीय सेना ने दी बधाई**

गुलवीर सिंह की इस उपलब्धि पर भारतीय सेना ने भी गर्व जताया। इंडियन आर्मी स्पोर्ट्स एंड एडवेंचर ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'भारतीय सेना के खिलाड़ी ने एक बार फिर वैश्विक मंच पर शानदार प्रदर्शन किया है। नायब सूबेदार गुलवीर सिंह ने लॉस एंजेलिस ट्रैक फेस्ट में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में रजत पदक जीतते हुए 13:03.93 का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा और भारतीय लंबी दूरी की दौड़ को नई पहचान दी है।'

# MI के खराब प्रदर्शन पर कोच जयवर्धने की सफाई

## बुमराह और रोहित पर साधा निशाना ?



**मुंबई।** बुमराह के बारे में जयवर्धने ने कहा कि इस साल फरवरी-मार्च में आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप के बाद इस तेज गेंदबाज को ठीक होने के लिए काफी समय नहीं मिला। बुमराह ने एमआई के लिए 13 मुकाबलों में सिर्फ चार विकेट लिए हैं।

आईपीएल 2026 की शुरूआत में, मुंबई इंडियंस (एमआई) ने अपने छठे खिताब की ओर बढ़ने के लिए अनुभवी खिलाड़ियों रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह पर भरोसा किया था, खासकर भारत के इस तेज गेंदबाज पर, जिसने इस साल की शुरूआत में आईसीसी मेंस वर्ल्ड कप में देश की जीत में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन बुमराह एमआई की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे।

आईपीएल के सबसे सफल बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा से उम्मीद थी कि वे एमआई को शानदार शुरूआत देंगे, और उन्होंने अपने अभियान की शुरूआत पहले मैच में ही अर्धशतक लगाकर की, लेकिन जैसे ही पांच बार की खिताब विजेता टीम वानखेड़े स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच के लिए तैयार हो रही है, रोहित शर्मा और बुमराह का प्रदर्शन लगातार एक जैसा नहीं रहा है, जिसने टीम की असफलता में योगदान दिया है।

शनिवार को, मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने बताया कि इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों के साथ क्या चल रहा है। उन्होंने कहा कि दोनों ही छोटी-मोटी चोटों और परेशानियों से जूझ रहे हैं, जिससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा है। चोट की चिंताओं के कारण रोहित कई मैच नहीं खेल पाए और 8 मुकाबलों में सिर्फ 283 रन ही बना पाए हैं। एमआई के पूर्व कप्तान को हैमस्ट्रिंग में चोट का पता चला था, जिससे उनकी प्रगति में रुकावट आई। ऐसे मौके भी आए जब इस दिग्गज खिलाड़ी को बेंच पर बिठा दिया गया और 'इम्पैक्ट सब' के तौर पर इस्तेमाल किया गया।

जयवर्धने ने कहा कि प्लेइंग इलेवन का फैसला कई बातों को ध्यान में रखकर किया जाता है। यह देखा जाता है कि उस खास दिन टीम के लिए क्या सबसे अच्छा रहेगा। उन्होंने आगे कहा कि रोहित शर्मा इस सिद्धांत को समझते हैं और इसे स्वीकार करते हैं।

जयवर्धने ने कहा, 'सच कहूं तो, जब मैं मुंबई इंडियंस के लिए टीम चुन रहा होता हूं, तो भारतीय टीम या उनकी जरूरतों के बारे में नहीं सोचता। मैं टीम बनाता हूं, और रोहित समझते हैं कि वे एक 'टीम प्लेयर' हैं। वे समझते हैं कि मुंबई इंडियंस के लिए क्या जरूरी है, और हम उसी हिसाब से आगे बढ़ते हैं। हां, उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। हमने उन्हें ठीक होने के लिए जरूरी समय दिया, और फिर वे वापस आए। हम उनकी बल्लेबाजी और उनके दौड़ने के तरीके को लेकर भी काफी सावधान थे, क्योंकि उन्हें धीरे-धीरे, कदम-दर-कदम वापस लय में आना था।' बुमराह ने एमआई के लिए 13 मुकाबलों में सिर्फ चार विकेट लिए हैं। जयवर्धने ने कहा, 'ऐसा कुछ चीजों के मेल की वजह से हुआ है। टी20 वर्ल्ड कप से लौटने के बाद उन्हें थोड़ी चोट थी, जिसके साथ ही उन्होंने वर्ल्ड कप खेला था, इसलिए हमने उन्हें वापसी के लिए काफी आराम दिया।'

# भारत को विश्व क्रिकेट का पावरहाउस बनते देखना चाहते हैं रोहित

**मुंबई।** भारत और मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि वह भारत को विश्व क्रिकेट का पावरहाउस बनते देखना चाहते हैं। रोहित ने मुंबई इंडियंस के 'ईएसए डे' इवेंट में बात करते हुए अपने करियर के शुरूआती दिनों से लेकर कप्तानी तक का अनुभव साझा किया।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि भारतीय क्रिकेट नतीजों और सोच दोनों के मामले में सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि भारत विश्व क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ बने। रोहित के अनुसार, कप्तानी ने उनके करियर को नई दिशा देने का काम किया। रोहित ने पिछले कुछ वर्षों में खेल में आए बड़े बदलाव की ओर भी इशारा किया, खासकर छोटे फॉर्मेट में जहां उनके डेब्यू के बाद से बल्लेबाजी अप्रोच और स्कोरिंग पैटर्न में काफी बदलाव आया है।

**रोहित बोले- आज कोई भी स्कोर भरोसेमंद नहीं रहा**

मुंबई इंडियंस के 'ईएसए डे' इवेंट में बात करते हुए रोहित ने कहा, मैं चाहता हूं कि भारत विश्व क्रिकेट का पावरहाउस बने। यही मुख्य बात है क्योंकि मैं चाहता हूं कि भारत सर्वश्रेष्ठ बने और क्रिकेट वहां सबसे ऊपर हो। हमने पिछले तीन वर्षों में जो किया है, वह देखने में शानदार रहा है। 2024 विश्व कप से लेकर, महिला विश्व कप, अंडर-19 वर्ल्ड कप, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अलावा एक और टी20 विश्व कप तक। मुझे उम्मीद है कि हम अपनी जीत का सिलसिला जारी रखेंगे। जब हमने टी20 खेलना शुरू किया था तो 130-140 एक अच्छा स्कोर था, लेकिन अभी यह मुश्किल है। अब कोई भी स्कोर बहुत भरोसेमंद नहीं लगता। यही वह कहानी है जो आपको बताती है कि इतने वर्षों में खेल कैसे आगे बढ़ा है।

मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान के अनुसार, आज के क्रिकेटरों की निडरता ने खेल को और ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उन्होंने कहा, खिलाड़ी ज्यादा निडर हो गए हैं, उन्हें चीजें कैसे करनी चाहिए, इस बारे में खुले विचारों वाले हो गए हैं, जो गेम और लीग के लिए एक अच्छा संकेत है। खिलाड़ी रूढ़िवादी होने के बजाय आगे बढ़ने से नहीं डरते। आने वाले वर्षों में भी यह इसी तरह चलता रहेगा और यह ज्यादा ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। क्रिकेटर्स की अगली पीढ़ी पर चर्चा करते हुए रोहित ने युवाओं को जीवन में बहुत जल्दी उम्मीदों का बोझ डाले बिना खेल का आनंद उठाने के महत्व पर जोर दिया।



**कप्तानी के अनुभव को साझा किया**

39 साल के रोहित ने यह भी बताया कि कैसे कप्तानी ने उनके नजरिए को बदला। उन्होंने कहा कि लीडरशीप ने उन्हें अपने प्रदर्शन से आगे सोचने और टीम की मिली-जुली सफलता को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, मैंने भारत और मुंबई इंडियंस की कप्तानी से बहुत कुछ सीखा। कैसे किसी को सब कुछ एक तरफ रखकर यह पक्का करना चाहिए कि टीम का लक्ष्य ज्यादा जरूरी हो। जब कोई कप्तान होता है, तो यह एक अलग कहानी होती है, क्योंकि आपको सिर्फ अपने प्रदर्शन की चिंता करने की जरूरत नहीं होती। आपको दूसरों के प्रदर्शन की भी चिंता करनी होती है। अगर आपने 100 रन बनाए हैं और दूसरे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और टीम मैच हार गई है तो यह चिंता की बात है। जब तक नतीजे नहीं दिखते, तब तक आपको मन की शांति नहीं मिलेगी।

वनडे टीम के सलामी बल्लेबाज ने कहा, यह उम्र पर निर्भर करता है। मुझे पता है कि छह साल से लेकर 18 साल तक के बच्चे होते हैं। आप बच्चे पर इतनी जल्दी बहुत ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहते। उन्हें बस खेल का आनंद लेना चाहिए, देखना चाहिए और अपने दोस्तों के साथ खेलना चाहिए। हालात आपको बताएंगे कि इस समय क्या जरूरी है। कोई आपको कुछ करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। अपने सफर के बारे में बताते हुए रोहित ने माना कि करियर के दौरान उन्हें जो चुनौतियां और मुश्किलें आईं, वे उनके सबसे बड़े सीखने के अनुभवों में से थीं।

# हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती नहीं देगा WFI, बताया- विनेश किस भार वर्ग में पेश कर सकती हैं चुनौती

**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती नहीं देगा। शनिवार को अदालत ने विनेश फोगाट को एशियाई खेल 2026 के चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेने के लिए भारतीय महिला पहलवान को अनुमति दी थी।

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट को दिल्ली हाईकोर्ट ने एशियाई खेल 2026 के चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। अदालत ने शनिवार को भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की चयन नीति और कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि खेल संगठनों को खिलाड़ियों और खेल के हित में काम करना चाहिए, न कि बदले की भावना से। इस मामले पर डब्ल्यूएफआई ने कहा कि महासंघ कोर्ट के आदेश को चुनौती नहीं देगा।

**'कोर्ट के आदेश को चुनौती नहीं देंगे'**

दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के बाद डब्ल्यूएफआई के सूत्रों ने कहा कि महासंघ अदालत के आदेश का सम्मान करता है और इस फैसले को चुनौती नहीं देगा। सूत्रों ने कहा, 'हम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं। डब्ल्यूएफआई इस फैसले को चुनौती नहीं देगा। उन्हें ट्रायल्स में हिस्सा लेने दिया जाएगा।' हालांकि, डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि एशियाई खेलों के प्रतिभागियों की सूची 15 मई को जापान भेजी जा चुकी है, इसलिए अब बदलाव करना आसान नहीं होगा। महासंघ के सूत्रों के मुताबिक, यदि किसी तरह विनेश को शामिल किया जाता है, तो उन्हें 50 किलोग्राम भार वर्ग में उतरना होगा।



मुख्य न्यायाधीश डी.के. उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस कारिया की खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि 30 और 31 मई 2026 को होने वाले चयन ट्रायल में विनेश फोगाट को भाग लेने दिया जाए। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि ट्रायल की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई जाए और उसमें भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) तथा भारतीय ओलंपिक संघ (आओए) के स्वतंत्र पर्यवेक्षक मौजूद रहें।

**कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई की नीति को बताया 'बहिष्करणकारी'**

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि डब्ल्यूएफआई की चयन नीति बहिष्करणकारी है, क्योंकि उसमें ऐसे खिलाड़ियों के लिए कोई विवेकाधिकार नहीं रखा गया है, जो मातृत्व अवकाश या अन्य विशेष परिस्थितियों के बाद वापसी कर रहे हों। अदालत ने माना कि विनेश जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी को केवल तकनीकी आधार पर ट्रायल से बाहर रखना खेल और न्याय, दोनों के हित में नहीं है।

# फीफा ने ईरान के पक्ष में लिया बड़ा फैसला

## वर्ल्ड कप बेस कैंप को मैक्सिको स्थानांतरित किया



**न्यूयॉर्क।** ईरान ने मूल रूप से अपना वर्ल्ड कप बेस टक्सन, एरिजोना में बनाने की योजना बनाई थी, लेकिन अब टीम टूर्नामेंट के दौरान टिजुआना, मैक्सिको से काम करेगी। इस टूर्नामेंट की संयुक्त मेजबानी यूनाइटेड स्टेट्स (अमेरिका), कनाडा और मैक्सिको 11 जून से 19 जुलाई तक करेंगे।

फीफा ने ईरान के 2026 फीफा विश्व कप के लिए अपने ट्रेनिंग बेस को अमेरिका से मैक्सिको शिफ्ट करने के अनुरोध को मंजूरी दे दी है। यह फैसला यात्रा से जुड़ी मुश्किलों, वीजा प्रक्रियाओं और टूर्नामेंट से जुड़ी व्यापक भू-राजनीतिक संवेदनशीलताओं को लेकर बढ़ती चिंताओं के चलते लिया गया है।

इस फैसले की घोषणा इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के फुटबॉल फेडरेशन प्रमुख मेहदी ताज ने की। उन्होंने पुष्टि की कि इस्तांबुल में फीफा और टूर्नामेंट अधिकारियों के साथ बातचीत और फीफा के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ एक फॉलो-अप वर्चुअल मीटिंग के बाद ईरान के अनुरोध को मंजूरी मिल गई है।

फेडरेशन द्वारा जारी एक बयान में ताज ने कहा, 'वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले देशों के सभी टीम बेस कैंप को फीफा से मंजूरी मिलना जरूरी है। सौभाग्य से, हमारे द्वारा किए गए अनुरोधों और इस्तांबुल में फीफा और वर्ल्ड कप अधिकारियों के साथ हमारी मुलाकातों के बाद, साथ ही कल तेहरान में फीफा के सम्मानित महासचिव के साथ हुई हमारी वेबिनार मीटिंग के बाद, यूनाइटेड स्टेट्स से मैक्सिको में टीम का बेस बदलने के हमारे अनुरोध को मंजूरी मिल गई।' ताज ने आगे कहा, 'टीम ईरान एयर की उड़ानों का इस्तेमाल करके मैक्सिको आ-जा भी सकती है।'

ईरानी फुटबॉल अधिकारियों का मानना है कि इस बदलाव से प्रतियोगिता के दौरान यूनाइटेड स्टेट्स में प्रवेश करने और यात्रा करने से जुड़ी परिचालन संबंधी मुश्किलें कम होंगी। फेडरेशन के अधिकारियों ने संकेत दिया कि टिजुआना में कैंप स्थापित करने से खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सहायक कर्मचारियों के लिए वीजा प्रक्रियाएं आसान हो सकती हैं, साथ ही यात्रा में भी ज्यादा लचीलापन आ सकता है। सैन डिएगो के पास यूएस सीमा के करीब स्थित यह शहर ईरान के ग्रुप-स्टेज मैचों तक पहुंचने में आसानी प्रदान करता है, जिनमें से दो मैच कैलिफोर्निया में खेले जाएंगे। फेडरेशन ने कहा कि नए बेस में ट्रेनिंग की सभी सुविधाएं, जिम, निजी रेस्टोरेंट और टीम की जरूरत की हर चीज मौजूद है।

# पाकिस्तान टीम पर भड़के कोच सरफराज, बांग्लादेश से क्लीन स्वीप पर किन खिलाड़ियों को लगाई फटकार

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 की हार के बाद पाकिस्तान टीम में असंतोष बढ़ गया है। मुख्य कोच सरफराज अहमद ने खिलाड़ियों और सीनियर बल्लेबाजों के रवैये पर सवाल उठाए हैं, जबकि कप्तान शान मसूद की कप्तानी भी जांच के दायरे में आ गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही पाकिस्तान टेस्ट टीम में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 2-0 की शर्मनाक हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम में हलचल मच गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान टेस्ट टीम के मुख्य कोच सरफराज अहमद अपने खिलाड़ियों, खास तौर पर सीनियर खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद नाराज हैं और उन्होंने सिलहट टेस्ट में हार के बाद टीम मीटिंग में बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान, इमाम उल हक, सलमान अली आगा और सऊद शकील समेत सभी खिलाड़ियों को जमकर फटकार लगाई। पाकिस्तान को लगातार दूसरी बार बांग्लादेश के हाथों टेस्ट सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप झेलना पड़ा। इससे पहले दो साल पहले भी घरेलू मैदान पर पाकिस्तान को इसी अंतर से हार मिली थी।



**खिलाड़ियों पर फूटा कोच का गुस्सा**

रिपोर्ट के मुताबिक, हार के बाद हुई बैठक में सरफराज अहमद ने खिलाड़ियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन पर सवाल उठाए। उन्होंने खास तौर पर बल्लेबाजों को निशाने पर लेते हुए कहा कि टीम के बजाय खिलाड़ी अपने व्यक्तिगत आंकड़ों के लिए खेल रहे हैं। सरफराज ने खिलाड़ियों से कहा, 'खिलाड़ियों को टीम के लिए खेलना चाहिए, अपने लिए नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह साफ नजर आया कि खिलाड़ी खुद के लिए खेल रहे थे। व्यक्तिगत प्रदर्शन करना अच्छी बात है, लेकिन उससे टीम को फायदा होना चाहिए, सिर्फ खिलाड़ी को नहीं।'

**वरिष्ठ खिलाड़ियों पर उठाए सवाल**

कोच ने टीम के सीनियर खिलाड़ियों की भी आलोचना की और कहा कि अनुभवी खिलाड़ी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह नाकाम रहे। उन्होंने कहा, 'सीनियर खिलाड़ी जिम्मेदारी लेने में असफल रहे हैं। दूसरी टीमों की प्रगति देखिए और हमारी टीम लगातार पीछे जा रही है।' पूरी सीरीज में पाकिस्तान का कोई भी बल्लेबाज 200 रन तक नहीं पहुंच पाया। युवा डेब्यू बल्लेबाज अजान अवैस ही एकमात्र खिलाड़ी रहे जिन्होंने शतक लगाया।

सूत्रों के मुताबिक, सरफराज अहमद कप्तान शान मसूद की कप्तानी से भी खुश नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने मैदान पर फैसले लेने में सुस्ती दिखाई और कई अहम मौकों पर रिव्यू लेने से भी बचते रहे। दूसरे टेस्ट में पाकिस्तान ने मुशफिकुर रहीम और लिटन दास के खिलाफ एज के बावजूद रिव्यू नहीं लिया।

# आज प्लेऑफ में पहुंचने वाली चौथी टीम का होगा फैसला

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के लीग चरण के आखिरी दिन राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच प्लेऑफ की अंतिम सीट के लिए रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा। राजस्थान जीत के साथ सीधे क्वालिफाई कर सकता है, जबकि पंजाब और कोलकाता की उम्मीदें अन्य मैचों के नतीजों और नेट रन रेट पर टिकी हैं।

आईपीएल 2026 के लीग चरण का आखिरी डबल हेडर रविवार को खेला जाएगा और इसी के साथ प्लेऑफ की चौथी टीम का फैसला भी हो जाएगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद पहले ही अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं, जबकि अब राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आखिरी स्थान की जंग बाकी है। दिन के पहले मुकाबले में मुंबई इंडियंस का सामना राजस्थान रॉयल्स से वानखेड़े स्टेडियम में होगा, जबकि दूसरे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स की भिड़ंत दिल्ली कैपिटल्स से ईडन गार्डन्स में होगी। दिल्ली और मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका प्रदर्शन बाकी टीमों की किस्मत तय करेगा।

**राजस्थान के पास सबसे बड़ा मौका**

राजस्थान रॉयल्स फिलहाल 13 मैचों में 14 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है। टीम के लिए समीकरण बिल्कुल साफ है, मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत हासिल करते ही राजस्थान सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगा और बाकी सभी टीमें रेस से बाहर हो जाएंगी। हालांकि हार या मैच रद्द होने की स्थिति में राजस्थान बाहर हो जाएगा। रियान पराग खेलेंगे या नहीं, इस पर अभी संशय है। अगर वह नहीं खेलते हैं तो युवा कप्तान यशस्वी जायसवाल पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। टीम को वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल और जोफ्रा आर्चर जैसे खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो मुंबई और राजस्थान के बीच अब तक 31 मुकाबले हुए हैं, जिनमें मुंबई ने 16 और राजस्थान ने 15 मैच जीते हैं। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई को 5-4 की बढ़त हासिल है, लेकिन 2023 के बाद से राजस्थान ने सात में से चार मुकाबले अपने नाम किए हैं।



**पंजाब किंग्स की उम्मीदें दूसरों पर टिकी**

पंजाब किंग्स के 14 मैचों में 15 अंक हैं और टीम फिलहाल चौथे स्थान पर बनी हुई है। पंजाब का लीग चरण समाप्त हो चुका है, इसलिए अब उसकी नजर रविवार के दोनों मुकाबलों पर रहेगी।

यदि स्कोर बराबर होने के बाद कोई छक्का लगाया जाता है तो केकेआर 12.4 ओवर तक मैच खत्म कर सकती है। अगर कोलकाता इन बड़े अंतर से जीत हासिल नहीं कर पाती, तो पंजाब किंग्स प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। ऐसे में ईडन गार्डन्स में होने वाला मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है।

**अंक तालिका का मौजूदा हाल**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 14 | 9 | 5 | 18 | +0.783 |
| गुजरात टाइटंस | 14 | 9 | 5 | 18 | +0.695 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 14 | 9 | 5 | 18 | +0.524 |
| पंजाब किंग्स | 14 | 7 | 6 | 15 | +0.309 |
| राजस्थान रॉयल्स | 13 | 7 | 6 | 14 | +0.083 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 13 | 6 | 6 | 13 | +0.011 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 14 | 6 | 8 | 12 | -0.345 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 13 | 6 | 7 | 12 | -0.871 |
| मुंबई इंडियंस | 13 | 4 | 9 | 8 | -0.510 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 14 | 4 | 10 | 8 | -0.740 |

# टेस्ट क्रिकेट में बदलाव की तैयारी: दिन में भी गुलाबी गेंद से खेले जा सकते हैं मैच, ICC बैठक में बड़ा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** आईसीसी टेस्ट क्रिकेट में दिन के मैचों में भी गुलाबी गेंद इस्तेमाल करने पर विचार कर रहा है, ताकि खराब रोशनी में बेहतर विजिबिलिटी मिल सके। अगर प्रस्ताव मंजूर हुआ, तो एक अक्तूबर से नए नियम लागू हो सकते हैं।

टेस्ट क्रिकेट में जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। अब दिन के समय खेले जाने वाले टेस्ट मैचों में भी गुलाबी गेंद के इस्तेमाल का रास्ता खुल सकता है। अब तक गुलाबी गेंद का उपयोग केवल डे-नाइट टेस्ट मैचों में होता रहा है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की क्रिकेट समिति ने इस पर नई चर्चा शुरू कर दी है।

**आईसीसी बैठक में प्रस्ताव**

आईसीसी की क्रिकेट समिति की अहम बैठक हाल ही में जिम्बाब्वे के हरारे में आयोजित की गई। बैठक में यह सुझाव दिया गया कि दिन के टेस्ट मैचों में भी लाल गेंद की जगह गुलाबी गेंद का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस प्रस्ताव पर क्रिकेट जगत में गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ट मैचों के दौरान खराब रोशनी और बारिश जैसी परिस्थितियों में लाल गेंद को देखने में खिलाड़ियों और अंपायरों को दिक्कत होती है।

ऐसे में गुलाबी गेंद बेहतर विजिबिलिटी प्रदान कर सकती है। इसी वजह से इसे दिन के टेस्ट मैचों में भी इस्तेमाल करने का सुझाव सामने आया है।



**एक अक्तूबर से लागू हो सकता है नियम**

आईसीसी की बैठक 30 मई को समाप्त हुई थी। इसके बाद संभावना जताई जा रही है कि एक अक्तूबर से नए नियम लागू किए जा सकते हैं। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला आईसीसी बोर्ड की मंजूरी के बाद ही लिया जाएगा।

**खिलाड़ियों और टीमों की सहमति जरूरी**

क्रिकेट समिति का मानना है कि गुलाबी गेंद के इस्तेमाल से पहले दोनों टीमों की सहमति जरूरी होनी चाहिए। क्योंकि लाल और गुलाबी गेंद के व्यवहार में अंतर होता है, जिसका असर बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों पर पड़ सकता है।

इससे मैचों में दृश्यता बेहतर हो सकती है और खराब रोशनी के कारण खेल रुकने की समस्या भी कम हो सकती है।




# 45 डिग्री की तपिश में पुलिसकर्मियों और फरियादियों को मिल रहा कूल-कूल ठंडा पानी

## जनसहयोग और पुलिस पहल से थानों व पुलिस कार्यालयों में लगे वाटर कूलर

### अब सैकड़ों लोगों को रोज मिल रही राहत




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच जहां दोपहर होते-होते सड़कें सूनी पड़ जा रही हैं, वहीं पुलिसकर्मियों और फरियादियों के लिए राहत का बड़ा इंतजाम किया गया है। 44 से 45 डिग्री तक पहुंच रहे तापमान में थाना कविनगर, थाना मसूरी, पुलिस ऑफिस, महिला थाना और क्राइम ब्रांच परिसर में लगाए गए वाटर कूलर लोगों की प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। गर्मी इस कदर कहर बरपा रही है कि सुबह से ही तेज धूप और लू लोगों को बेहाल कर रही है। ऐसे हालात में पुलिसकर्मियों को घंटों ड्यूटी करनी पड़ रही है, वहीं अपनी शिकायत लेकर आने वाले फरियादी भी गर्मी से परेशान हो रहे हैं। इसी को देखते हुए जनसहयोग और पुलिस प्रशासन की पहल पर कई स्थानों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है।

बताया गया है कि समाजसेवी अजय गुप्ता ने बीते दिनों थाना कविनगर और थाना मसूरी में वाटर कूलर भेंट किए थे, जिसके बाद वहां आने वाले पुलिसकर्मियों और आम लोगों को ठंडा और साफ पानी मिलना शुरू हुआ। इसके अलावा सरकारी बजट से पुलिस ऑफिस, महिला थाना और क्राइम ब्रांच परिसर में भी आधुनिक वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। इन वाटर कूलरों से रोजाना सैकड़ों लीटर शुद्ध और ठंडा पानी लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसका लाभ सिर्फ पुलिसकर्मियों को ही नहीं बल्कि अपनी फरियाद लेकर आने वाले आम नागरिकों को भी मिल रहा है।

भीषण गर्मी के बीच यह पहल लोगों के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। पुलिसकर्मियों का कहना है कि लगातार फील्ड ड्यूटी और थानों में काम के दौरान ठंडे पानी की उपलब्धता से काफी राहत मिल रही है। वहीं फरियादी भी इस व्यवस्था की सराहना कर रहे हैं।



### जनसहयोग से जनसेवा की मिसाल

**करंट क्राइम** : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड का कहना है कि गाजियाबाद पुलिस और समाजसेवियों की यह पहल इस बात का उदाहरण बन रही है कि यदि प्रशासन और समाज मिलकर काम करें तो भीषण गर्मी जैसी चुनौती में भी लोगों को बड़ी राहत दी जा सकती है।

# नोएडा में बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट

## पीस कमेटी बैठकों में सौहार्द बनाए रखने की अपील



**नोएडा (करंट क्राइम)।** जनपद गौतमबुद्ध नगर में आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ लगातार पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। बैठकों में लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की अपील की गई। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने एसीपी-3 सेंट्रल नोएडा राजीव कुमार गुप्ता के साथ थाना सूरजपुर कार्यालय में धर्मगुरुओं और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से आगामी त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने, दुष्प्रचार फैलाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया।

साथ ही कहा गया कि यदि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर कानून व्यवस्था बनाए रखी जा सके।बैठक में पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से त्योहार के दौरान पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की गई।

# मेधावी छात्रों और गुरुजनों के सम्मान से गूंजा बृज विहार

➪ 'हमारा बृज विहार हमारी जिम्मेदारी' संस्था का आयोजन

➪ समाजसेवियों और पुलिस अधिकारियों ने बढ़ाया बच्चों का हौसला






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** हमारा बृज विहार हमारी जिम्मेदारी' संस्था के तत्वाधान में बृज विहार में मेधावी छात्र और शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के चेयरमैन विक्रम सिंह चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों और उन्हें तराशने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से मीनाक्षी गोर, बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप शुक्ला, एसआर कंप्यूटर के तरुण जैन, और प्रबुद्ध समाजसेविका निर्मला सिंह व रीता सिंह उपस्थित रहीं। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में लिंक रोड थाना प्रभारी रविंद्र पंत और बृज विहार चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र सिंह ने शिरकत कर बच्चों को भविष्य में देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षा की अलख जगाने वाले 'गुरु' भी हुए सम्मानित

संस्था का मानना है कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके शिक्षकों का कड़ा परिश्रम होता है। इसी सोच के साथ समारोह में क्षेत्र के सम्मानित शिक्षकों को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अजय रतनदीप रोय, विनय सर मनीष सर, सागर सर, रमन सर अरुण मास्टर हरपाल शास्त्री सुरेंद्र सर, नितेंद्र सर और संतोष संस्था का संकल्पः 'हमारा ब्रिज विहार हमारी जिम्मेदारी' टीम द्वारा आयोजित यह पूरा कार्यक्रम प्रेरणादायक रहा। संस्था के पदाधिकारियों ने शिक्षा को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने और इसे बढ़ावा देने का अपना संकल्प दोहराया।

अभिभावकों और गणमान्य लोगों ने थपथपाई पीठ इस गौरवमयी क्षण के साक्षी बनने के लिए बच्चों के माता-पिता के साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में योगेश त्यागी, पीके सक्सेना, गीता सिंह, उम्मेद सिंह ठाकुर, सुनील पवार, विकास जाखड़, अजय गोयल, सुनील यादव और सुरेंद्र शर्मा आदि लोगों का सहयोग रहा। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संस्था के इस प्रयास की जमकर सराहना की।

# ईद पर्व को लेकर सिहानीगेट थाने में पीस कमेटी की बैठक, शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद में आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना सिहानीगेट परिसर में पीस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता एसीपी नंदग्राम जियाउद्दीन अहमद तथा थाना सिहानीगेट प्रभारी कुलदीप दीक्षित ने की। इस दौरान सभी से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखते हुए ईद का त्योहार मनाने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें तथा कोई भी संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। सोशल मीडिया पर फैलने वाली भड़काऊ और अपुष्ट खबरों से सतर्क रहने की भी सलाह दी गई। पुलिस प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि ईद पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। बैठक में मौजूद गणमान्य नागरिकों ने भी पुलिस प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# सुविधाओं के लिए लोगों का प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा स्थित हेमिस्फेयर सोसाइटी के लोगों ने रविवार को मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर बिल्डर प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। सोसाइटी निवासी सुभाष भाटी ने बताया कि परिसर में करीब 250 परिवार पिछले तीन वर्षों से विभिन्न समस्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन बिल्डर प्रबंधन उनकी शिकायतों के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

उनका आरोप है कि कई खरीदारों से फ्लैट की राशि लेने के बाद उनके आवंटन रद्द कर अन्य लोगों को बेच दिए गए, जिसके चलते कुछ लोगों को अधूरी सुविधाओं के बीच रहने के लिए मजबूर होना पड़ा।

# बिल और चोरी के मुकदमे के मुद्दे पर ग्रेनो में पंचायत

**ग्रेटर नोएडा।** बिजली की समस्या को लेकर रविवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के खेड़ी भनौता गांव में पंचायत की गई। खेड़ी के प्राथमिक विद्यालय में आयोजित पंचायत में ग्रामीणों ने बिजली कंपनी की नीतियों का विरोध करते हुए गलत बिल ठीक न करने और बिजली चोरी के झूठे मुकदमे वापस न लेने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। पंचायत में लोगों ने कहा कि देहात क्षेत्रों में शहरी दरों पर बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिससे ग्रामीणों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। वहीं, स्मार्ट मीटर लगाने और बिजली चोरी के नाम पर ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है।

किसान सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. रूपेश वर्मा ने कहा कि पूरे देश में बिजली कानून संशोधन और स्मार्ट मीटर का विरोध हो रहा है। बिजली कानून में संशोधन के बाद किसानों और ग्रामीणों को मिलने वाली सब्सिडी समाप्त करने की तैयारी की जा रही है, जिसका किसान सभा पुरजोर विरोध करेगी। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक गलत बिल और झूठे मुकदमे वापस नहीं होते, गांव में कंपनी कर्मचारियों का प्रवेश नहीं होने दिया जाएगा।

# वार्ड 78 शालीमार गार्डन में 4.71 लाख की लागत से नई पेयजल पाइप लाइन का हुआ उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड संख्या 78, शालीमार गार्डन में नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए नई मीठे पानी की पाइप लाइन का उद्घाटन किया गया। मकान नंबर 686 के पीछे से मकान नंबर 701 तक बिछाई गई इस लाइन की लागत करीब 4.71 लाख रुपये है।

निवर्तमान महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने स्थानीय नागरिकों और आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों की मौजूदगी में नारियल तोड़कर और मिष्ठान वितरण के साथ लाइन का उद्घाटन किया।

इस मौके पर पप्पू पहलवान ने कहा कि क्षेत्रवासी लंबे समय से कम प्रेशर और दूषित पानी की समस्या से परेशान थे। नई लाइन बिछने से अब सभी घरों में शुद्ध मीठा पानी पर्याप्त प्रेशर के साथ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वार्ड का विकास प्राथमिकता है और जनता की हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने पप्पू पहलवान और नगर निगम का आभार जताया। लोगों ने बताया कि नई लाइन से वर्षों पुरानी पानी की किल्लत दूर होगी। इस अवसर पर डीएन कौल, भूपेंद्र गोस्वामी, भूषण लाल टिगलू, राजेश कुमार, बिजेंदर सिंह, अमिताभ श्रीवास्तव, केपी सिंह, प्रमोद गोयल, जगदीश सती, राजपाल सिंह, दिनेश माथुर, गौरव शर्मा, सुमन सती, प्रियंका सैनी, अनीता राणा आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारीज का 'रजत रश्मियां' कार्यक्रम 'रोज एक पुण्य कर्म' का दिया संदेश



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** ब्रह्माकुमारीज संस्था के शालीमार गार्डन सेवा केंद्र द्वारा ओम शांति रिट्रीट सेंटर के सिल्वर जुबली वर्ष के उपलक्ष्य में 'रजत रश्मियां' प्रोजेक्ट के तहत 'रोज एक पुण्य कर्म का बीज बोना' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व गृह मंत्रालय निदेशक विनोद कुमार शर्मा ने की। मुख्य वक्ता ओम शांति रिट्रीट सेंटर गुरुग्राम की निर्देशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी जीवन मूल्यों के प्रति उदासीन हो रही है। इसका असर समाज में रिश्वतखोरी और वरिष्ठ जनों के प्रति सम्मान की कमी के रूप में दिख रहा है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि माता-पिता को वृद्धाश्रम न भेजें और उनके प्रति सम्मानजनक व्यवहार करें। आशा दीदी ने कहा कि समाज में बढ़ता तनाव आंतरिक शक्ति की कमी का प्रमाण है। जब व्यक्ति भीतर से खाली होता है तो बाहरी आडंबर और नशे का सहारा लेता है।

उन्होंने परमात्मा से योग लगाकर आंतरिक शक्ति बढ़ाने पर जोर दिया। पुण्य कर्मों को स्पष्ट करते हुए बताया कि निराश को आशावान बनाना, दुखी को सुख देना और कमजोर को शक्तिशाली बनाना भी पुण्य कर्म हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि जीवन में किसी का उपहास न करें और सभी के प्रति देने की भावना रखें। कार्यक्रम में शालीमार गार्डन क्षेत्र के निगम पार्षद, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष, स्कूल निदेशक और प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। कर्यक्रम का संचालन डॉ. प्राची ने किया।

ब्रह्माकुमारी खुशी ने सभी को प्रतिदिन एक पुण्य कर्म करने की प्रतिज्ञा दिलाई। सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सरिता ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया।




# कौन थ्री-स्टार फिर लगा रहा है जुगाड़

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि एक थ्री-स्टार फिर से जुगाड़ लगाने के लिए तंत्र में जुट गए हैं। अब बताया जा रहा है आजकल वह अपने स्तर से कई अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। वैसे सुनने में आया है कि बीते दिनों उनका प्रमोशन वाला सीन हुआ था। उसके बाद वह खुशी वाली मिठाई लेकर पहुंचे थे, पर सूत्र बताते हैं कि जिस ऑफिस में वह एंट्री लेने की चाहत से गए थे, उन्हें उस ऑफिस में एंट्री नहीं मिली थी, एंट्री ना मिल पाने के बाद वह दूसरे नंबर के अधिकारी के पास गए थे और वहीं से अपना काम चलाया था। अब सुनने में आया है कि उन्होंने फोटो वाले शॉट का भी इंतजाम कराया था लेकिन वह ख्वाब अधूरा ही रह गया था। इन सबके बीच जानकारी मिल रही है कि फिर से एक बार वह थ्री-स्टार अपनी तैयारी में जुट गए हैं। बीते दिनों आई टू-स्टार की बंपर वाली लिस्ट में एक नाम ऐसा भी सामने आया है, जो टू-स्टार क्राइम कंट्रोल वाले कार्यालय से अब नदिया पार के इलाके में एंट्री ले रहा है। पुलिस सूत्र बता रहे हैं कि उसको नदिया पार की उस चौकी पर भेजा जाएगा, जो बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। वहीं सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि बकरीद के बाद चौकी वाली लिस्ट भी आउट की जाएगी। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरीके से नदिया पार के एक इलाके में प्रतिबंधित पशुओं वाला मामला आया है, उसने फिर अधिकारियों के आदेश और निर्देश की गंभीरता पर सवाल उठा दिए हैं। सुनने में आया है कि साहब ने दो दिन ऑनलाइन वाली मीटिंग में इस विषय को सबसे ज्यादा फोकस रखा था ,लेकिन लोकल पुलिस और बीट वालों से लेकर इंटेलीजेंस वाले साहब फेल होते हुए नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि इस वाले मामले का भी आने वाले दिनों में उन पुलिस कर्मियों का इलाज होगा, उनको दोषी या भूमिका संदिग्ध होगी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में इन दिनों इस वीडियो की हलचल बेहद बड़ी हुई है, तो जिस तरीके से भगवागढ़ के दो प्रमुख फेस कई मामलों को लेकर रेस में आ गए हैं, उसकी चर्चा लखनऊ तक में शुरू हो गई है। कुल मिलाकर देखना होगा कि इस मामले में क्या होता है और जो थ्री-स्टार अपनी ताल ठोक रहे हैं, उनको कितनी सफलता मिल पाती है।



# शालीमार गार्डन में 34वां विशाल मां भगवती जागरण एवं भंडारा आयोजित, उमड़े श्रद्धालु





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शालीमार गार्डन में 34वां विशाल मां भगवती जागरण एवं भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर हजारों भक्तजनों ने पहुंचकर मां भगवती का आशीर्वाद लिया। पूरे क्षेत्र में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। भक्तिमय भजनों से वातावरण गूंज उठा और सुंदर झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी ने बताया कि मातारानी के आशीर्वाद और जनता के सहयोग से पिछले 34 वर्षों से लगातार जागरण का आयोजन हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की आस्था और एकता का प्रतीक बन चुका है। पार्षद रवि भाटी ने मां भगवती से क्षेत्र की जनता के सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की। मां भगवती का गुणगान वीपी कटारिया एंड टी-सीरीज कलाकारों ने किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान, अजय चंद प्रधान, अशोक भाटी, दीपक ठाकुर, यशपाल, हरीश, शिव कुमार शर्मा, कैप्टन राजेंद्र गौड़, भोपाल यादव, अवधेश ठाकुर, इंदरपाल चौधरी, सोमनाथ चौहान, शालू सिंह, बबली चौहान, पूजा भारद्वाज, अन्नू पाहवा, बबिता सोलंकी, सविता भड़ाना, प्रियंका सोलंकी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# शाश्वत चिकित्सा शिविर में दर्द से कराहते हुए आए और मुस्कुराते हुए गए मरीज




गाजियाबाद,करंट क्राइम। कवि नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में घुटनों के दर्द, सर्वाइकल , कमर दर्द,अर्थराइटिस ,माइग्रेन आदि दर्द से परेशान लगभग डेढ़ सौ से अधिक ज्यादा मैरिज शाशवत चिकित्सा केंद्र में आए जो की अनेक प्रदेशों से अपना इलाज कराने पहुंचे थे शाश्वत चिकित्सा केंद्र के प्रणेता डॉक्टर स्वामी भक्ति प्रकाश जी महाराज द्वारा स्वयं अपने हाथों से दर्द से पीड़ित मरीजों की नसें दबाकर पीड़ित व्यक्तियों को ठीक किया सर्वप्रथम डॉ भक्ति प्रकाश जी महाराज का अभिनंदन परमार्थ सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन वी के अग्रवाल ने शाल भैट करके किया और आर्य समाज मंदिर के प्रमुख,शास्त्री प्रमोद जी को डॉक्टर बी के शर्मा हनुमान मुख्य प्रवक्ताने पुष्प हॉर भैट किया कार्यक्रम के आयोजन देवेंद्र हितकारी ने स्वामी जी को पुष्प हार एवं अनिल सांवरिया ने मोहन जोशी जी को शाल भेंट अभिनंदन किया इसके अतिरिक्त आयोजक मंडल में शिवकुमार शर्मा हरिओम त्यागी बबली, सुरेश अग्रवाल नरेश गोयल ने आदि ने स्वामी जी की टीम साथ आई पदाधिकारी का को भी सॉल्व भी पुष्प हार पहनकर सम्मान किया इलाज के लिए पंजाब से आए सरदार सुरेंद्र सिंह अपनी व पत्नी में बेटी को लेकर पहुंचे थे जो घुटनों के दर से बहुत ही परेशान थे स्वामी जी ने उनकी नसें दवा कर उन्हें दर्द से निजात दिलाई मुख्य प्रवक्ता डॉ बीके शर्मा हनुमान ने कहानशे दबा कर स्वामी जी को लगभग प्रत्येक मरीज पर छह सात मिनट लगे गेम में बुजुर्गों से अधिक युवा ज्यादा आए थे जिनको कमर दर्द वगैरह की शिकायत थी वीके अग्रवाल ने बताया कि मरीज को शुरू में तो इलाज करते समय नशे दबाते समय कुछ दर्द जरूर महसूस हुआ था लेकिन बाद में उन्हें बहुत ज्यादा आरंभ हुआ है उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों से भी से भी काफी लोग आए थे।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** समरकूल/थमोर्कूल वाला गुप्ता परिवार अपने पारिवारिक मूल्यों के लिए जाना जाता हैं। इस परिवार के बड़े भाई संजीव गुप्ता और राजीव गुप्ता के आपसी प्रेम की मिशाल लोग राम – लक्ष्मण की जोड़ी के रूप में देते हैं। ऐसे भाईयों के लिए जब ब्रदर्स डे का अवसर आया तो छोटे भाई राजीव गुप्ता ने अपने भाई को पिता समान और उनके प्रेम को वरदान स्वरूप बताया, भाई के प्रेम से लबरेज यह पोस्ट करंट क्राइम की पोस्ट आफ द डे बनी।




# तुर्किये के मुख्य विपक्षी दल में नेतृत्व को लेकर टकराव

## पार्टी मुख्यालय के बाहर भिड़े समर्थक

**अंकारा।** तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी सीएचपी में नेतृत्व को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। अदालत ने पार्टी के पुराने नेतृत्व को फिर से बहाल करने का आदेश दिया है। लेकिन ज्यादातर नेता और कार्यकर्ता मौजूदा अध्यक्ष ओजगुर ओजेल के समर्थन में डटे हुए हैं। इस मुद्दे को लेकर पार्टी मुख्यालय में टकराव की स्थिति बनी हुई है।

अदालत के आदेश के बाद तुर्किये की मुख्य विपक्षी पार्टी में नेतृत्व को लेकर टकराव की स्थिति बन गई है। रविवार को पार्टी मुख्यालय के बाहर पार्टी के सदस्य आमने-सामने डटे रहे। अधिकांश सदस्यों ने अदालत के आदेश से लाए गए नए नेतृत्व को अंदर प्रवेश करने से रोक दिया।

रिपब्लिकन पीपुल्स पार्टी यानी सीएचपी में यह विवाद गुरुवार से बढ़ गया है। अपील अदालत ने नवंबर 2023 में हुए पार्टी सम्मेलन को रद्द कर दिया, जिसमें ओजगुर ओजेल को केमाल किलिचदारोग्लू की जगह पार्टी अध्यक्ष चुना गया था।




अदालत के फैसले के बाद ओजेल और पार्टी की कार्यकारी समिति के सदस्यों को निलंबित कर दिया गया। साथ ही आदेश दिया गया कि उनकी जगह नवंबर 2023 से पहले पद संभाल रहे केमाल किलिचदारोग्लू और अन्य नेताओं को वापस लाया जाए। विपक्ष का कहना है कि यह फैसला राजनीतिक कारणों से लिया गया है, ताकि पार्टी को कमजोर किया जा सके।

किलिचदारोग्लू के नेतृत्व में पार्टी ने नहीं जीता कोई राष्ट्रीय चुनाव

किलिचदारोग्लू (77 वर्षीय) ने 13 साल तक पार्टी का नेतृत्व करने के बाद पद छोड़ा था। उनके नेतृत्व में सीएचपी कोई राष्ट्रीय चुनाव नहीं जीत सकी थी। वहीं, ओजेल ने पार्टी अध्यक्ष बनने के बाद 2024 के नगर निकाय चुनावों में राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन की सत्तारूढ़ पार्टी को बड़ा झटका दिया था।

**तुर्किये में 2028 में राष्ट्रपति चुनाव**

तुर्किये में अगला राष्ट्रपति चुनाव 2028 में होना है। लेकिन राष्ट्रपति एर्दोआन समय से पहले चुनाव करा सकते हैं। उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी और इस्तांबुल के मेयर एकरेम इमामोग्लू (जो सीएचपी के सदस्य हैं) पिछले साल मार्च से जेल में हैं और उन पर भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं।

### चुनाव से पहले विपक्ष को कमजोर करने की कोशिश

कई राजनीतिक जानकारों का कहना है कि सीएचपी के खिलाफ जारी कानूनी मामले पार्टी को अगले चुनाव से पहले कमजोर करने की कोशिश हैं। हालांकि, सरकार का कहना है कि तुर्किये की अदालतें निष्पक्ष हैं और राजनीतिक दबाव से स्वतंत्र होकर काम करती हैं।

### ओजेल के समर्थन में खड़े हैं पार्टी के अधिकांश सदस्य

पार्टी के ज्यादातर सदस्य ओजेल के समर्थन में खड़े हैं। गुरुवार के फैसले के बाद से ओजेल और उनके समर्थक अंकारा स्थित पार्टी मुख्यालय के अंदर मौजूद हैं और नए नेतृत्व को अंदर नहीं आने दिया जा रहा है। दोनों पक्ष रविवार दोपहर इस विवाद का हल निकालने के लिए बैठक करने वाले थे।

### पार्टी मुख्यालय के बाहर जमा हुए लोग

स्थानीय मीडिया के मुताबिक, पार्टी कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में लोग जमा हुए। ओजेल ने दावा किया कि ये लोग सीएचपी के सदस्य नहीं हैं और डराने-धमकाने के लिए भेजे गए हैं। सुबह से पुलिस की मौजूदगी लगातार बढ़ रही थी। वहीं, किलिचदारोग्लू के वकील सेलाल सेलिक ने अंकारा पुलिस से इमारत खाली कराने में मदद की मांग की। अंकारा के गवर्नर कार्यालय ने इस अनुरोध को मंजूरी दे दी है।

# पश्चिम एशिया संकट: प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रंप को फिर लगाया मक्खन

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने लगा दिए किनारे!



**इस्लामाबाद।** दुनिया भर में चल रहे तेल और आर्थिक संकट के बीच अमेरिका और ईरान एक ऐतिहासिक शांति समझौते के बेहद करीब पहुंच गए हैं। पाकिस्तान इस पूरे मामले में बिचौलिया की भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम शरीफ दोनों ने इस पहल को सराहा है और जल्द ही पाकिस्तान में इसके अगले दौर की बैठक होने वाली है।

दुनिया भर में चल रहे तेल के संकट और मंदी के बीच एक बहुत बड़ी खबर आ रही है। अमेरिका और ईरान के बीच बरसों पुराना झगड़ा अब खत्म होने वाला है। दावा किया जा रहा है कि दोनों देश एक ऐतिहासिक शांति समझौते के बिल्कुल करीब पहुंच गए हैं। इसके पीछे पाकिस्तान बिचौलिया बना हुआ है। लेकिन इस पूरे मामले में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ एक बार फिर खेला हो गया है।

**शरीफ लगाते रह गए मक्खन, ट्रंप ने भाव तक नहीं दिया!**

पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया में शांति लाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रयासों की तारीफ में कसीदे पढ़ डाले। शरीफ ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर समेत दुनिया के कई बड़े नेताओं के साथ एक बहुत ही जरूरी और पॉजिटिव फोन कॉल की है। शनिवार को ट्रंप ने सऊदी अरब, कतर, तुर्किये, मिस्र, यूएई, जॉर्डन और बहरीन के नेताओं को लाइन पर लिया था। लेकिन हैरत और मजे की बात यह रही कि डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर से तो तसल्ली से बात की, लेकिन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सीधे किनारे लगा दिया यानी भाव ही नहीं दिया! ट्रंप ने शहबाज शरीफ से फोन पर बात करना भी मुनासिब नहीं समझा। इसके बावजूद, चीन के दौरे पर गए शहबाज शरीफ सोशल मीडिया पर ट्रंप को बधाई देने में जुटे रहे। उन्होंने अपने सेना प्रमुख आसिम मुनीर की भी पीठ थपथपाई कि उन्होंने इस डील के लिए दिन-रात एक कर दिया है। मकसद साफ था कि अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे पुराने विवाद को सुलझाकर एक पक्का पैचअप यानी समझौता कराना।

# फैक्ट्री के केमिकल टैंक में विस्फोट का खतरा

## कैलिफोर्निया की ऑरेंज काउंटी में इमरजेंसी घोषित

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में एक फैक्ट्री के केमिकल टैंक का तापमान लगातार बढ़ रहा है। जिससे टैंक के फटने का खतरा पैदा हो गया है। अगर ऐसा होता है तो इससे भारी तबाही आ सकती है। यही वजह है कि हालात को देखते हुए कैलिफोर्निया की सरकार ने इलाके में आपातकाल लागू कर दिया है।

कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूसम ने ऑरेंज काउंटी में इमरजेंसी घोषित कर दी है। दरअसल वहां गार्डन ग्रोव इलाके में एक एयरोस्पेस



मैन्युफैक्चरिंग फैक्ट्री में मौजूद खतरनाक औद्योगिक केमिकल वाले टैंक खतरनाक स्तर पर गर्म हो गए हैं और उन्हें ठंडा करने के लिए इमरजेंसी टीमें लगातार काम कर रही हैं। अगर इन केमिकल टैंक को ठंडा नहीं किया गया तो इससे वहां बड़ा हादसा हो सकता है।

न्यूसम ने शनिवार को एक बयान में कहा, 'ऑरेंज काउंटी के लोगों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।' उन्होंने कहा कि कैलिफोर्निया सरकार हर संभव संसाधन इस्तेमाल कर रही है, ताकि राहत टीमों और प्रभावित लोगों की मदद की जा सके। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर न्यूसम ने लिखा, 'मैं ऑरेंज काउंटी में स्टेट ऑफ इमरजेंसी घोषित कर रहा हूं क्योंकि कैलिफोर्निया गार्डन ग्रोव में हुए खतरनाक केमिकल हादसे से निपटने में जुटा हुआ है।

# ईरान से संभावित समझौते पर अमेरिकी सांसद की चेतावनी

## लेबनान-इराक में अस्थिरता का खतरा, होर्मुज में बढ़ेगा तनाव

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने अमेरिका और ईरान के बीच होने वाले संभावित समझौते को लेकर आगाह किया है। उन्होंने किसी भी ऐसे समझौते से जुड़े सुरक्षा जोखिमों पर भी चिंता जताई है, जो ईरान को महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों के लिए खतरा पैदा करने की अनुमति देता है।



अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने रविवार को ईरान के साथ संभावित समझौते को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह समझौता होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास तनाव को और गंभीर बना सकता है। ग्राहम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि अगर पश्चिम एशिया के इलाके में यह संदेश जाता है कि समझौते से ईरान को लंबे समय तक ताकत हासिल होगी, तो इससे लेबनान में हिज्बुल्ला और इराक में शिया उग्रवादी समूहों को और मजबूती मिलेगी। **समझौते से होर्मुज में हावी हो जाएगा ईरान : लिंडसे ग्राहम**

अमेरिकी सांसद ने यह भी कहा कि अगर किसी समझौते का आधार यह धारणा बनती है कि होर्मुज जलडमरूमध्य को ईरानी खतरे से सुरक्षित नहीं रखा जा सकता और ईरान खाड़ी क्षेत्र के तेल ढांचे को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है, तो इससे तेहरान को क्षेत्र में प्रभावशाली शक्ति के रूप में देखा जाएगा।

# रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला: मॉस्को ने बरसाईं ओरेश्निक मिसाइल

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध अब बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। कीव पर हुआ यह ताजा हमला दिखाता है कि रूस यूक्रेनी राजधानी की रीढ़ तोड़ने की कोशिश में है। हाइपरसोनिक ओरेश्निक मिसाइल का साया इस जंग को और ज्यादा विनाशकारी बना रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में तबाही का खतरा कई गुना बढ़ गया है।



यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस ने एक बार फिर घातक हवाई हमला किया है। रविवार की रात रूस ने मिसाइलों और ड्रोन से कीव को निशाना बनाया। इस जोरदार हमले से पूरा शहर थर्रा उठा। सरकारी दफ्तरों, रिहायशी इमारतों और स्कूलों के पास एक के बाद एक कई शक्तिशाली धमाके हुए।

स्थानीय अधिकारियों के शुरूआती आंकड़ों के मुताबिक, इस हमले में कम से कम 10 लोग घायल हुए हैं। रातभर हवाई हमले के सायरन बजते रहे। प्रत्यक्षदर्शियों और पत्रकारों ने शहर के मध्य हिस्से में बेहद तेज विस्फोटों की आवाजें सुनीं। सूरज उगने तक यह हमला जारी था और अधिकारियों ने आशंका जताई है कि कीव की तरफ अभी और मिसाइलें व ड्रोन्स बढ़ रहे हैं।

**नौ जिलों में भारी नुकसान, स्कूल में छिपे थे लोग**

कीव सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने टेलीग्राम पर बताया कि राजधानी के कम से कम नौ जिलों में भारी तबाही दर्ज की गई है। रिहायशी इमारतों को सीधा नुकसान पहुंचा है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को के अनुसार, शेवचेंको जिले में एक स्कूल की इमारत हमले की चपेट में आ गई। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि धमाके के वक्त लोग उसी स्कूल के अंदर बने बंकर में शरण लिए हुए थे। इसके अलावा पूरे शहर में कई सुपरमार्केट और गोदाम भी तबाह हो गए हैं। क्षेत्रीय गवर्नर मायकोला कलाशनिक ने कहा कि कीव के आसपास के कई अन्य इलाकों में भी भारी नुकसान हुआ है।

**ओरेश्निक मिसाइल का खौफ, पश्चिमी देशों ने दी चेतावनी**

इस विनाशकारी हमले से ठीक पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक बड़ा दावा किया था। उन्होंने अमेरिकी और पश्चिमी देशों की खुफिया रिपोर्टों के हवाले से चेतावनी दी थी कि रूस हाइपरसोनिक 'ओरेश्निक' बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल करने की योजना बना रहा है। इसके तुरंत बाद यूक्रेन की वायु सेना ने भी 'ओरेश्निक' के संभावित लॉन्च का अलर्ट जारी किया था।

# पाकिस्तान के क्वेटा में बड़ा आत्मघाती हमला, ट्रेन में धमाके से 24 से ज्यादा की मौत; 50 लोग घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान का क्वेटा शहर एक बड़े आत्मघाती हमले से दहल गया है। इस आत्मघाती हमले में 24 से ज्यादा लोगों की मौत का दावा किया गया है और 50से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

पाकिस्तान के अशांत राज्य बलूचिस्तान के क्वेटा में एक बड़ा आत्मघाती हमला हुआ है। हमले में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 50 लोग घायल हो गए। अल जजीरा की रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावर ने रेल में खुद को विस्फोट से उड़ा लिया। हमले के बाद क्वेटा के सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी लागू कर दी गई है।

### क्वेटा के चमन फाटक के पास हुआ धमाका

विस्फोट क्वेटा स्थित चमन फाटक रेलवे स्टेशन के पास हुआ। पाकिस्तान के रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया कि शटल ट्रेन में यात्री सवार थे और धमाके से इंजन समेत तीन बोगियां




प्रभावित हुईं। उन्होंने कहा, 'ट्रेन रविवार सुबह क्वेटा कैंट स्टेशन से सिटी रेलवे स्टेशन जा रही थी, तभी यह विस्फोट हुआ।' पाकिस्तानी टीवी चैनलों और वेबसाइटों के मुताबिक, धमाके में 24 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

### बीएलए ने ली हमले की जिम्मेदारी

प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। बीएलए के प्रवक्ता के दावे के अनुसार, हमला उस समय किया गया जब ट्रेन क्वेटा कैंट से सैन्यकर्मियों को लेकर जा रही थी। क्वेटा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उन्हें सार्वजनिक बयान देने से रोका गया है और घटना पर आधिकारिक जानकारी सरकार का प्रवक्ता जारी करेगा। धमाका इतना शक्तिशाली था कि आसपास खड़े वाहनों और इमारतों के शीशे टूट गए। यह ट्रेन यात्रियों को सिटी रेलवे स्टेशन ले जा रही थी, जहां से उन्हें ईद की छुट्टियों के लिए अपने गृह नगरों को जाने वाली ट्रेनों में सवार होना था।

साल 2024 में भी आत्मघाती हमले में क्वेटा में 32 लोगों की हुई थी मौत

गौरतलब है कि नवंबर 2024 में भी क्वेटा कैंट रेलवे स्टेशन पर एक आत्मघाती हमले में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हुए थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि एहतियात के तौर पर पेशावर जाने वाली जाफर एक्सप्रेस को क्वेटा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया है।

रेल मंत्री हनीफ अब्बासी ने इस हमले को कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए कहा कि इससे आतंकवाद के खिलाफ देश का संकल्प कमजोर नहीं होगा।

पाकिस्तानी गृह मंत्री के प्रवक्ता बाबर यूसुफजई ने कहा कि विस्फोट के बाद सभी संबंधित संस्थानों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सुरक्षा कारणों से धमाका स्थल के पास भीड़ न लगाएं, ताकि राहत एवं बचाव कार्य बिना किसी बाधा के जारी रह सके।

# अमेरिका से 47 हजार अरब से अधिक का सामान खरीदेगा भारत, मजबूत होगा रणनीतिक गठबंधन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की इस यात्रा ने भारत और अमेरिका के रिश्तों को एक नई मजबूती दी है। चार देशों के 'क्वाड' संगठन के प्रति अमेरिका का भरोसा और 47000 अरब रुपये से अधिक का यह बड़ा व्यापारिक समझौता साफ करता है कि आने वाले समय में दोनों देश मिलकर दुनिया की राजनीति और कारोबार को बदलने वाले हैं।



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत यात्रा को दुनिया की राजनीति में एक बहुत बड़ा कदम माना जा रहा है। दक्षिण एशिया मामलों के जानकार माइकल कुगेलमैन ने इस दौरे को बेहद खास बताया है। उन्होंने कहा कि रुबियो का क्वाड बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आना यह साफ दिखाता है कि ट्रंप सरकार इस संगठन को लेकर गंभीर है और इसे आगे बढ़ाना चाहती है।

कुगेलमैन ने बातचीत में कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्तों के लिए यह एक बड़ा मौका है। बहुत दिनों के बाद मार्को रुबियो जैसा कोई बड़ा अमेरिकी अधिकारी भारत आया है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इस दौरे के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुद इस साल के अंत में होने वाली बड़ी बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत आ सकते हैं।

**भारत है सबसे जरूरी साथी- कुगेलमैन**

कुगेलमैन के मुताबिक, मार्को रुबियो ने भारत को इस पूरे समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा और अमेरिका के साथ दोस्ती का सबसे मजबूत स्तंभ बताया है। अब देखना यह होगा कि आने वाले दिनों में अमेरिकी सरकार भारत को और ज्यादा मजबूत करने के लिए क्या नए कदम उठाती है।

## अमेरिका का दावा- ईरान सौंपेगा यूरेनियम भंडार; खुल सकता है होर्मुज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच संभावित समझौते को लेकर नई जानकारी सामने आई है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, ईरान ने अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम भंडार को सौंपने पर सहमत है। यह प्रस्तावित समझौते का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने हाल ही में दावा किया था कि दोनों देश युद्ध समाप्त करने और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के करीब हैं। ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित एक समझौते के तहत अपने संवर्धित यूरेनियम भंडार को सौंपने पर सहमति जताई है। सूत्रों के अनुसार, ईरान और अमेरिका के बीच प्रस्तावित समझौते का एक महत्वपूर्ण पहलू तेहरान द्वारा अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम भंडार को सौंपने की एक स्पष्ट प्रतिबद्धता है। व्हाइट हाउस के अधिकारियों ने इस संबंध में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# स्पेन में घर खरीदना हुआ मुश्किल: सड़कों पर उतरे हजारों लोग


## आगामी चुनाव से पहले पीएम सांचेज के लिए बढ़ी चुनौती

**मैड्रिड।** स्पेन में बढ़ती घरों की कीमतों और किराए के खिलाफ हजारों लोगों ने प्रदर्शन किया। सरकार की आवास नीतियों पर सवाल उठाते हुए लोग सस्ते और सुलभ घरों की मांग कर रहे हैं, जबकि देश में लाखों घरों की कमी बताई जा रही है।

स्पेन की राजधानी मैड्रिड में हजारों लोगों ने घरों की बढ़ती लागत के खिलाफ प्रदर्शन किया है। लोग लगातार बढ़ते किराए और घरों की कीमतों से परेशान हैं। इससे कई स्पेनिश नागरिकों के लिए घर खरीदना मुश्किल हो गया है। यह प्रदर्शन रविवार को शहर के केंद्र में किया गया।

### आवास संकट बना राजनीतिक चुनौती

प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज के लिए 2027 के चुनाव से पहले स्पेन में आवास संकट एक बड़ी राजनीतिक चुनौती माना जा रहा है। देश में घर




खरीदने की मजबूत परंपरा है। लेकिन किराए पर सरकारी आवास बहुत कम हैं। पर्यटन और आबादी में वृद्धि के कारण मांग बढ़ने से किराए और कीमतें तेजी से बढ़ी हैं।

**प्रदर्शन में नारेबाजी और बैनर**

प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए और बैनर दिखाए, जिनमें आवास के अधिकार की मांग की गई थी। एक बैनर पर लिखा था- हमें पड़ोसी चाहिए, पर्यटक नहीं। स्पेन में घर खरीदना अब कई लोगों के लिए बहुत महंगा हो गया है, खासकर बड़े शहरों और तटीय इलाकों में, जहां सट्टेबाजी और बढ़ती मांग ने कीमतें और बढ़ा दी हैं।

सरकारी आवास बढ़ाने का प्रस्ताव नहीं हुआ पारित

पिछले महीने स्पेन सरकार ने चार साल में सार्वजनिक आवास बढ़ाने और युवाओं को किराए और घर खरीदने में मदद देने के लिए सात अरब यूरो की योजना को मंजूरी दी थी। हालांकि, किराए पर अस्थायी रोक बढ़ाने का प्रस्ताव संसद से पारित नहीं हो सका, जिससे सरकार पर आवास संकट को लेकर दबाव बढ़ गया है।

कई बार सड़कों पर उतर चुके लोग

पिछले कुछ वर्षों में स्पेन में कई बार लोग सड़कों पर उतरकर बढ़ते किराए और घरों की कीमतों का विरोध कर चुके हैं। लोगों की एक बड़ी मांग यह भी है कि शहरों में तेजी से बढ़ रहे टूरिस्ट रेंटल (पर्यटकों के लिए किराए पर दिए जाने वाले मकान या कमरे) पर सख्ती की जाए।

आंकड़ों के अनुसार, 2025 के अंत तक स्पेन में घरों की कीमतों में लगभग 13 फीसदी की सालाना वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं, स्पेन के केंद्रीय बैंक का अनुमान है कि देश में लगभग सात लाख घरों की कमी है।



## कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर गाजियाबाद।

पत्रांकः 731/न0पा0प0खो0/ई–निविदा/2026 दिनांकः 23 मई 2026

**ई प्रोक्योरमेन्ट/ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर, जनपद–गाजियाबाद द्वारा मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना/राज्य वित्त आयोग/15वॉं वित्त आयोग की धनराशि से विद्यालयों में कराये जाने वाले विविध कार्यो हेतु ई–निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांकः 26.05.2026 की प्रातः 10:00 बजे से 16.06.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेगें। जहां से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांकः 16.06.2026 के दोपहर 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते है। टैण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्ते जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No–730/न0पा0परि0खो0/ई–निविदा/2026 दिनांकः 23 मई 2026 |
| Publish and Time for RFP | 26.05.2026 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 16.06.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 16.06.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora-Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Document Processing | As per Tender list. |

(अनुज गोयल) अवर अभियन्ता (सिविल)    (डॉ शैलेन्द्र कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी    (मोहिनी शर्मा) अध्यक्ष

25 May -26 page 8 24-05-2026 10:02 PM Page 1






# सिंघल स्वीट्स के नये आउटलेट का हुआ धूम-धाम से उद्घाटन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सिंघल स्वीट्स अब सिकन्दराबाद, बुलंदशहर, दादरी के बाद गाजियाबाद में भी आ गया है। रविवार को सिंघल स्वीट्स के नये प्रतिष्ठान का उद्घाटन धूम-धाम से हुआ। नवरंग सिनेमा के सामने ओपूलेन मॉल के पास खोले गये सिंघल स्वीट्स के उद्घाटन में समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। सिंघल स्वीट्स 1981 से लगातार मिष्ठान के क्षेत्र में अपनी गुणवत्ता और स्वाद के लिए जाना जाता है। अब गाजियाबाद के लोगों के लिए भी सिंघल स्वीट्स ने नये प्रतिष्ठान की ओपनिंग की है।

## प्रशिक्षण शिविर



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के प्रथम दिन भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष डीडी यादव मौजूद रहे। उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग शिविर में भाग लिया। जिला प्रशिक्षण वर्ग शिविर में डीडी यादव नें अपने विचार भी रखे। इस अवसर पर उन्होंने वर्ग प्रशिक्षण शिविर के सत्र में भी भाग लिया।

## छत पर सो रहे परिवार पर धारदार हथियार से हमला महिला की मौत, तीन घायल

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के हरौला गांव में देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां छत पर सो रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह ने बताया कि थाना फेस-1 क्षेत्र के सेक्टर-5 हरौला में सुरेंद्र शर्मा पुत्र नंदलाल शर्मा अपनी पत्नी संजू देवी और दो पुत्रियों के साथ किराए के मकान की छत पर सो रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति ने सोते समय परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में सुरेंद्र शर्मा, उनकी पत्नी और दोनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पुलिस के अनुसार सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान संजू देवी की मौत हो गई। अन्य तीन घायलों का इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# युवाओं का आक्रोश कॉकरोच जनता पार्टी : सिकंदर यादव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत के युवाओं में नया आक्रोश सोशल मीडिया के माध्यम से दिख रहा है। जिस प्रकार एक डिजिटल पार्टी कॉकरोच जनता पार्टी की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है, वो सत्ता व शासन के लिए एक चुनौती है। आज नौजवान जिस प्रकार अपना गुस्सा जाहिर कर रहा है, उससे पता चलता है कि देश में सब ठीक नहीं चल रहा। बार-बार लीक होते पेपर, पर्याप्त अवसरों की कमी, इसमें मुख्य भूमिका निभा रही है। मोदी सरकार जब सत्ता में आई थी, भारत के नौजवानों ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई थी, परंतु आज बारह वर्ष बाद भी उसकी परेशानी घटने की जगह बढ़ती जा रही है। एक तरफ हम बढ़ती अर्थव्यवस्था के आंकड़े देख रहे, परंतु अर्थव्यवस्था में तेजी के बाद रोजगार न बढ़ना चिंता का कारण है। भारत का युवा इस बात से परेशान है कि एक तो उसको नौकरी नहीं मिल रही, दूसरी पिछले बारह साल में नब्बे से ज्यादा परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। वो यह नहीं समझ पा रहा कि जो सरकार विकसित भारत की बात करती है, वो परीक्षा क्यों नहीं करा पा रही। भारत की Gen-Z धार्मिक विभाजन, मीडिया व न्यायपालिका का सरकार के पक्ष में झुकाव और ईवीएम पर शंका के परेशान दिख रहा है।




ये सारी बातें आपको कॉकरोच पार्टी के पोस्ट में मिल जाएंगी। इसके साथ-साथ वो बढ़ती महंगाई से भी परेशान एक यूजर नितिन गडकरी से प्रश्न करता है कि टोल पर साठ लाख की फॉर्च्यूनर व अल्टो से एक समान टोल क्यों वसूला जा रहा है? पेट्रोल में एथनॉल मिलाने के बाद उसका एवरेज क्यों घट रहा है? जब कच्चा तेल सस्ता था, तब सरकार ने पेट्रोल-डीजल के रेट कम क्यों नहीं किए? ऐसी बहुत सी प्रश्न युवाओं के मन में हैं, जिसका सरकार के पास कोई जवाब नहीं। आज के हालात को देखकर बहुत सारे लोग मनमोहन सिंह को याद कर रहे हैं, जिनके समय में 2010 तक भारत की अर्थव्यवस्था अपने गोल्डन समय में थी। आज सरकार व सभी राजनीतिक दलों के सामने चुनौती है कि यदि Gen-Z की इन बातों पर ध्यान नहीं दिया, तो आने वाले समय में बदलाव देखने को मिलेगा इन युवाओं के नेतृत्व में।

# बीएनआई 'झूम नाइट 2026' में उमड़ा उत्साह: व्यापारिक रिश्तों के साथ घुली सूफियाना संगीत की मिठास

## नोएडा और गाज़ियाबाद बीएनआई का भव्य वार्षिक उत्सव संपन्न 400 से अधिक उद्यमियों और परिवारों ने की शिरकत




गाजियाबाद, करंट क्राइम। प्रमुख वैश्विक व्यापारिक नेटवर्किंग संगठन 'बीएनआई' के नोएडा और गाज़ियाबाद क्षेत्र द्वारा सेक्टर-52 स्थित अदिरा बैंक्वेट में अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक सामाजिक उत्सव ह्यझूम नाइट 2026 का भव्य आयोजन किया गया।

इस गौरवमयी शाम में दिल्ली-एनसीआर के 400 से अधिक दिग्गज उद्यमियों, बीएनआई सदस्यों और उनके परिवारजनों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में व्यापारिक नेटवर्किंग के साथ-साथ संगीत, सौहार्द और टीम-बिल्डिंग का एक अनूठा संगम देखने को मिला। यह पूरा भव्य आयोजन बीएनआई नोएडा के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमित पाल्टा के कुशल और प्रेरणादायक नेतृत्व में संपन्न हुआ। व्यापार को एक पारिवारिक और सामाजिक मंच देने की अपनी दूरदृष्टि को साझा करते हुए अमित पाल्टा ने कहा: जो संगठन साथ मिलकर उत्सव मनाता है, वही व्यावसायिक रूप से भी साथ मिलकर आगे बढ़ता है। झूम नाइट हमारे उन सभी ऊर्जावान सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक जरिया है, जो हर सप्ताह बीएनआई परिवार को आगे बढ़ाने के लिए अपना कीमती समय और समर्पण देते हैं।

### सूफी संगीत और टीम-बिल्डिंग गतिविधियों ने बांधा समां

**करंट क्राइम।** इस रंगारंग शाम का मुख्य आकर्षण देश के प्रसिद्ध सूफी गायक और उनके बैंड की लाइव प्रस्तुति रही। सूफियाना कलामों और मधुर धुनों पर उद्यमी झूमते नजर आए, जिससे पूरा माहौल ऊर्जा से भर गया। इसके साथ ही सदस्यों के बीच आपसी तालमेल और भाईचारे को बढ़ाने के लिए कई मजेदार 'टीम-बिल्डिंग' गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिन्होंने कॉर्पोरेट संबंधों को पारिवारिक रिश्तों में बदल दिया।

**आयोजन समिति और सहयोगी टीम :** इस वृहद आयोजन को सफल बनाने में बीएनआई नोएडा की सपोर्ट डायरेक्टर्स और एम्बेसडर्स टीम का अथक योगदान रहा। मुख्य रूप से प्रेम खमेसरा, दीपक शर्मा, अश्वनी हांडा, एस. वैद्यनाथन, सुश्री आशा पंवार, बी.डी. राठौड़, गौरव अग्रवाल, अमन पाल्टा, सुश्री सुरभि सिंह, दिनेश बारी, रजत अजमानी, गौरव कोछड़, मनवीर सिंह, अर्पित गर्ग, आयुष गुप्ता और सुश्री कृतिका बाजपेयी सहित कई पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की कमान संभाली।

**कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने में क्षेत्र के प्रतिष्ठित कॉरपोरेट प्रायोजकों का विशेष सहयोग रहा:** इवेंट स्पॉन्सर: वैभव अग्रवाल के नेतृत्व वाली संस्था 'मेसर्स द वेल्थी'। गोल्ड स्पॉन्सर: सुश्री शुचि गुनवंत की प्रतिष्ठित फर्म 'अनहद डाइमंडस प्राइवेट लिमिटेड'। सिल्वर स्पॉन्सर: समित माहेश्वरी की 'सुप्रीम इलेक्ट्रिकल्स' एवं बी.डी. राठौर की 'गुड इंश्योरेंस'। देर रात तक चले इस कार्यक्रम ने न केवल उद्यमियों को व्यापार के नए आयाम दिए, बल्कि तनावभरी व्यावसायिक जिंदगी से इतर एक यादगार और खुशनुमा शाम भी उपहार में दी।

# मातृशक्ति ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति

## विश्व मांगल्य सभा की गोष्ठी में भारतीय संस्कृति, संस्कार और महिला सशक्तिकरण पर मंथन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चंद्रनगर क्लब में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी विश्व मांगल्य सभा द्वारा आयोजित भव्य गोष्ठी में भारतीय संस्कृति, मातृत्व, महिला सशक्तिकरण और हिंदुत्व जैसे विषयों पर विचार मंथन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षिकाएं और मातृशक्ति मौजूद रही। मुख्य वक्ता विश्व मांगल्य सभा की संगठन मंत्री पूजा देशमुख ने कहा कि मातृशक्ति ही राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति है। भारतीय संस्कृति में नारी को केवल परिवार तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि समाज और राष्ट्र की आधारशिला के रूप में देखा गया है। उन्होंने महिलाओं से समाज सेवा, संस्कार निर्माण और राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक परिवेश और पश्चिमी प्रभाव के बीच भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को बचाए रखना बेहद जरूरी है। बच्चों में संस्कार, अनुशासन, सेवा और समर्पण की भावना विकसित करना माताओं की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

गोष्ठी में महिला सशक्तिकरण और सामाजिक एकता पर भी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि एक सशक्त महिला ही मजबूत परिवार और मजबूत समाज का निर्माण करती है। कार्यक्रम में डॉ. लक्ष्मी सिंह चौहान, रीता सिंह, वंदना सिंह, वंदना चौधरी, स्वाति गोयल, मीनू सिंह, रोली त्रिपाठी, माही ठाकुर, उर्वशी चौहान, डॉ. नीलू, भारती त्रिपाठी, अनीता चौधरी और सुषमा बघेल सहित कई प्रमुख महिलाओं की सहभागिता रही। पुलिस अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने कार्यक्रम के सफल संचालन में विशेष भूमिका निभाई। वहीं प्रचारक अनीता चौधरी ने बच्चों को भारतीय संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन भारत माता के जयघोष और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ हुआ।

# लोक शिक्षण अभियान ट्रस्ट ने मनाया 'नवजागरण दिवस'

## राजा राममोहन राय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जीटी रोड स्थित ज्ञानपीठ केंद्र, वन स्वरूप पार्क के प्रांगण में लोक शिक्षण अभियां ट्रस्ट द्वारा राममोहन राय की जयंती अत्यंत गरिमापूर्ण तरीके से मनाई गई। ट्रस्ट ने इस ऐतिहासिक दिन को 'नवजागरण दिवस' के रूप में आयोजित किया, जिसमें क्षेत्र के कई बुद्धिजीवियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रसिद्ध समाजवादी चिंतक एवं शिक्षाविद रामदुलार यादव ने राजा राममोहन राय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजा राममोहन राय आधुनिक भारत के निमार्ता थे, जिन्होंने रूढ़िवादिता, पाखंड और अंधविश्वास के खिलाफ कड़ा संघर्ष किया। वे सती प्रथा और बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं के घोर विरोधी तथा नारी सशक्तिकरण व विधवा विवाह के प्रबल समर्थक थे। रामदुलार यादव ने आज के दौर में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार और दहेज उत्पीड़न पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि आज भी समाज को उनके विचारों की सख्त जरूरत है। हमें बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच अपनानी होगी। इस पावन अवसर पर प्रख्यात विद्वान कवि व लेखक पंकज परिमल की साहित्यिक कृतियो उत्तम पुरुष का गीत', 'नदी के स्लेट पर' और 'नवता का शब्द उत्सव रस की मुक्ति' की समीक्षा की गई।

साथ ही, इन बहुमूल्य पुस्तकों को गाजियाबाद के आठ निशुल्क पुस्तकालयों व वाचनालयों को भेंट किया गया, ताकि छात्र-छात्राएं इनसे लाभान्वित हो सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगन्नाथ प्रसाद ने की और सफल आयोजन इंजीनियर धीरेंद्र यादव व संचालन श्रमिक नेता अनिल मिश्रा द्वारा किया गया। इस दौरान पंडित विनोद त्रिपाठी ने 'संविधान बचाना है, लोकतंत्र बचाना है' का ज्ञानपीठ संदेश पढ़कर सुनाया, वहीं राजेंद्र सिंह ने देशभक्ति से ओत-प्रोत लोकगीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। इस मौके पर चंद्रबली मौर्य, सम्राट सिंह, ओमप्रकाश अरोड़ा, विजय भारती एडवोकेट, मुनीम यादव, ब्रह्म प्रकाश, शंभू नाथ जयसवाल, सुरेंद्र यादव, अमृतलाल चौरसिया, फूलचंद पटेल और कार्यालय मंत्री प्रेमचंद पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# जेके मॉडर्न स्कूल में समर कैंप का आयोजन

## बच्चों ने लिया रचनात्मक गतिविधियों का आनंद






**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** बच्चों की गर्मी की छुट्टियों को मनोरंजक और ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से जे.के. मॉडर्न स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया।

समर कैंप के दौरान आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस, मूवी टाइम, पूल पार्टी और कई रोचक खेल आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के जरिए बच्चों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता और टीम भावना को बढ़ाने पर जोर दिया गया। बच्चों की खुशी और जोश देखते ही बना।

विद्यालय प्रबंधन कालू यादव ने बताया कि समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ मनोरंजन का अवसर देना और उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारना है। इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। विद्यालय के वाइस चेयरमैन अंकित यादव ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार देना ही जे.के. मॉडर्न स्कूल का मूल मंत्र है। अभिभावकों ने भी स्कूल के इस प्रयास की सराहना की और इसे बच्चों के लिए बेहद उपयोगी बताया।

# पंचशील पार्क आरडब्ल्यूए चुनाव संपन्न

## अनिल मेहता निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** जीटी रोड स्थित पंचशील पार्क रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के वर्ष 2026-2028 के लिए नई प्रबंध समिति का चुनाव निर्विरोध संपन्न हो गया। चुनाव समिति की अधिसूचना के अनुसार नामांकन जांच और वापसी प्रक्रिया के बाद सभी पदों पर सर्वसम्मति से चयन हुआ।

नई कार्यकारिणी अध्यक्ष पद पर अनिल मेहता, उपाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार शर्मा और सचिन गुप्ता, महासचिव पद पर जे.डी. त्यागी तथा कोषाध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार गोयल निर्विरोध चुने गए। संयुक्त सचिव का पद फिलहाल रिक्त रहा। कार्यकारी सदस्यः विभिन्न ब्लॉकों से सुबोध भटनागर, एसके वशिष्ठ, गौरव शर्मा, नंदेश कुमार, वरुण गुप्ता, पीएस यादव और सपन साहनी को कार्यकारी सदस्य चुना गया।

चुनाव समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, सदस्य मोहन सिंह और एसपी सिंह ने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए निवासियों का आभार जताया। समिति ने उम्मीद जताई कि नई टीम कॉलोनी के विकास, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं के लिए निष्ठा से काम करेगी। घोषणा के बाद पंचशील पार्क में हर्ष का माहौल है और निवासियों ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं।

# जीडीए की अनदेखी से जर्जर हुआ तुलसी निकेतन

## आरडब्ल्यूए और देवभूमि समिति ने खोला मोर्चा

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अनदेखी से तुलसी निकेतन कॉलोनी जर्जर हालत में पहुंच गई है। विकास कार्यों और री-डेवलपमेंट की बदहाली को लेकर तुलसी निकेतन आरडब्ल्यूए और देवभूमि उत्तराखंड सेवा समिति की संयुक्त बैठक हुई। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष कुलदीप कसाना की अध्यक्षता में हुई बैठक में निवासियों ने जीडीए अधिकारियों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाया।

वक्ताओं ने कहा कि दिल्ली सीमा पर स्थित इस जीडीए योजना में आज तक सीवर लाइन और जल निकासी की उचित व्यवस्था नहीं हुई। जलभराव के कारण पूरी कॉलोनी के भवन जर्जर हो चुके हैं।

इसका खामियाजा 10,000 की आबादी भुगत रही है। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले नालों की सफाई, 40 एचपी पंप और जनरेटर की व्यवस्था की जाए। एनबीसीसी के साथ री-डेवलपमेंट करार की स्थिति





स्पष्ट हो। यदि प्रस्ताव निरस्त है तो प्राधिकरण खुद विकास कार्य शुरू करे। जर्जर पानी की टंकी को ध्वस्त कर नया ओवरहेड टैंक बनाया जाए। पार्कों में बिजली और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त की जाए क्योंकि शाम होते ही असामाजिक तत्व शराब पीते हैं। बैठक में देवभूमि समिति अध्यक्ष बलवंत रावत, किशन रावत, रोहित जोशी, डॉ. रवि जोशी, चंदन सिंह, सुभाष चंद्र, राजेंद्र कुमार, महादेव कौशिक, नेत्रपाल, पवन कुमार समेत भारी संख्या में कॉलोनीवासी मौजूद रहे।